वर्ष-3, अंक-222
इन्दौर, रविवार
10 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर किया पलटवार

कांग्रेस की गारंटियों पर ही अपनी पर्ची चिपकाई भाजपा ने

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी पर पलटवार किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस पर निशाना साधा था और कहा था कांग्रेस के वादे झूठे हैं. इसी को लेकर अब राहुल गांधी ने पलटवार किया है. राहुल गांधी ने कहा, जुलाई 2022 में, प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस की जनहित योजनाओं को 'फ्री की रेवड़ी' कहकर देश को गुमराह किया था. फिर भी वो कांग्रेस की गारंटियों पर ही अपनी पर्ची चिपका कर देश में और हर प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और फिर कांग्रेस पर वादे पूरे न करने का मनगढ़ंत आरोप लगाते हैं.

राहुल गांधी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था. इसी को लेकर अब राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, हमारी चुनौती है, कर्नाटक आइए, घूम-घूम कर देखिए, पड़ताल कीजिए - हमने हर वादा पूरा किया है. कर्नाटक में कांग्रेस की योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों की तकदीर बदल दी है. साथ ही उन्होंने कहा, तेलंगाना और हिमाचल में भी हमने वादे पूरे किए हैं. राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा, अब महाराष्ट्र में भी इंडिया अपनी 5 गारंटियों से बड़े बदलाव लाने जा रहा है :-

महालक्ष्मी : महिलाओं को 3,000/माह और फ्री बस सेवा
समानतेवी हमी : जाति जनगणना और आरक्षण पर 50% की सीमा का अंत
कुटुंब रक्षण : 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवा
कृषि समृद्धि : 3 लाख तक का कृषि कर्ज माफ, नियमित चुकाने पर 50,000 प्रोत्साहन
युवकांना शब्द : बेरोजगार युवाओं को 4,000/माह की मदद

राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, इन योजनाओं से लोगों को बीजेपी कृत महंगाई और बेरोजगारी से लड़ने की ताकत मिलेगी, उनका जीवन स्तर सुधरेगा, अच्छी शिक्षा और पोषण तक उनकी पहुंच बढ़ेगी. मैं ये इतने विश्वास से कह रहा हूं, क्योंकि यह आजमाया और परखा हुआ है.

लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 1 नवंबर को कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए लिखा था, कांग्रेस पार्टी को यह बात समझ में आ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल या नामुमकिन है. वो लगातार प्रचार अभियान के दौरान लोगों से वादे करते रहते हैं, लेकिन उन्हें पता है कि वो कभी उन्हें पूरा नहीं कर पाएंगे. अब वो लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं. साथ ही पीएम मोदी ने कहा था कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी विकास की परवाह करने के बजाय पार्टी के अंदर की राजनीति और लूट में व्यस्त है.

आर्थर रोड जेल में नई साजिश :

D-कंपनी-बिश्नोई गैंग में छिड़ सकती है गैंगवार!

मुंबई (एजेंसी)।

मुंबई की आर्थर रोड जेल में गैंगवार का खौफ नजर आ रहा है. जेल ऑथोरिटी ने बिश्नोई गैंग और डी-कंपनी के सदस्यों के बीच भिड़ंत होने की आशंका जताई है. संभावित गैंगवार की आशंका को देखते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों को दूसरे जेलों

में ट्रांसफर करने की अर्जी जेल ऑथोरिटी ने कोर्ट में दाखिल की है. इस अर्जी में बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के घर फायरिंग के मामलों में गिरफ्तार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुछ सदस्यों को अन्य जेलों में ट्रांसफर करने की मांग की गई है. जेल अधिकारी के मुताबिक, जेल में बिश्नोई गैंग के सदस्यों की संख्या अब 20 से अधिक हो गई है. जेल ऑथोरिटी को आशंका है कि बिश्नोई गैंग के सदस्य जेल में अपना एक अलग गुट बना सकते हैं. इस से कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है, इसी वजह से उन्हें अन्य जेलों में शिफ्ट करने की अर्जी दी गई है. जेल में डी-कंपनी और राजन गैंग के भी सदस्य बंद हैं.

मोदी का दोस्त आया, कनाडा घबराया,

ट्रूडो ने रातों रात खालिस्तानियों पर कर दिया बड़ा एक्शन

मुंबई (एजेंसी)। ट्रूडो के रुख में आए इस बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री मोदी के दोस्त को माना जा रहा है। जो ट्रूडो कल तक कनाडा में रह रहे खालिस्तानियों के हितों को लेकर मुखर थे, अब कह रहे हैं कि कनाडा में खालिस्तान का समर्थन करने वाले बहुत से लोग हैं। लेकिन वो पूरे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। कल तक जो ट्रूडो खालिस्तानियों के खैर ख्वाह बने बैठे थे। कल तक जिन ट्रूडो को कनाडा में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार नजर नहीं आ रहे थे। उन जस्टिन ट्रूडो के तेवर अब ढीले पड़ने लगे हैं। उनके तेवर बदलने लगे हैं। कल तक जो ट्रूडो खालिस्तानियों के लिए आंसू बहाते थे वो आज उनके खिलाफ बोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोरेन के निजी सलाहकार के घर छापेमारी

रांची (एजेंसी)। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राज्य में ताजा घटनाक्रम में आयकर विभाग ने हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े कई लोगों के खिलाफ छापेमारी की। रिपोर्टों में बताया गया है कि श्रीवास्तव से जुड़े 16-17 स्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें उनके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के घर भी शामिल थे। फिलहाल विभिन्न स्थानों पर छापेमारी चल रही है, जिसमें रांची में सात और जमशेदपुर में नौ जगहें शामिल हैं, जिनमें जमशेदपुर स्थित अंजनिया स्टील और अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों के परिसर भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के आरोपों को लेकर यह छापेमारी की है। विभाग को प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि श्रीवास्तव कर भुगतान से संबंधित कुछ विसंगतियों में शामिल थे, जिसके बाद विभाग को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

बड़े नेता तहसीलों में रैली नहीं करते

अजित ने मोदी के बारामती में प्रचार नहीं करने पर कहा

मुंबई (एजेंसी)। अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपने बारामती निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी रैली करने का अनुरोध नहीं किया, क्योंकि वहां लड़ाई परिवार के भीतर है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे कद के नेता छोटे स्थानों पर आमतौर पर चुनावी रैलियां नहीं करते, इसलिए मोदी बारामती नहीं आएंगे। मौजूदा विधायक पवार अपने भतीजे युगेंद्र पवार के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ रहे हैं। युगेंद्र, शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के उम्मीदवार हैं। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि उन्होंने अपने समर्थन में जनसभा करने के लिए मोदी को क्यों नहीं आमंत्रित किया, अजित ने कहा कि जब मोदी जैसे नेता प्रचार करते हैं, तो उनकी रैलियां जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जाती हैं, न कि तहसील स्थलों पर। उन्होंने कहा, ''तहसील से लोग रैली में भाग लेने जाते हैं। पुणे में होने वाली रैली पूरे जिले के लिए होगी जिसमें बारामती भी शामिल है।'' यह पूछे जाने पर कि मोदी ने 2019 में बारामती में रैली क्यों की थी, उन्होंने कहा कि तब इसका उद्देश्य ''अजित पवार नामक उम्मीदवार को हराना'' था।

सड़क हादसे में एसआई की मौत, चार जवान घायल

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (एजेंसी)।

छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में अनुपपुर मार्ग पर मेड़ुका गांव में हुए सड़क हादसा में स्कॉर्पियो सवार उपनिरीक्षक (एसआई) की मौके पर ही मौत हो गई और चार आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार लोग कानपुर, उत्तर प्रदेश से कोरबा वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शनिवार सुबह करीब छह बजे अनुपपुर-वेंकटनगर से गौरेला की ओर जाते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ता सामने आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और तीन-चार बार पलटते हुए सड़क के किनारे जा गिरी।

नेपाल में सड़क दुर्घटना: में एक भारतीय सहित पांच की मौत

काठमांडू (एजेंसी)। दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांच लोगों में गंडकी प्रांत के कास्की जिले के पोखरा शहर के निवासी भारतीय नागरिक कुमार शाह भी शामिल हैं। मृतकों में इलेक्ट्रिक वाहन का चालक भी शामिल है। नेपाल के बागमती प्रांत में शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में एक भारतीय समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना तब हुई जब राष्ट्रीय राजमार्ग के नारायणगढ़-मुगलिंग खंड पर चितवन जिले के सतराकिलो क्षेत्र में एक बस और एक इलेक्ट्रिक वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांच लोगों में गंडकी प्रांत के कास्की जिले के पोखरा शहर के निवासी भारतीय नागरिक कुमार शाह भी शामिल हैं। मृतकों में इलेक्ट्रिक वाहन का चालक भी शामिल है। पुलिस ने कहा कि घटना में गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति का मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है।

बेपटरी हुई सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस

हावड़ा (एजेंसी)।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के नलपुर रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जब सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 22850) पटरी से उतर गई. यह ट्रेन पार्सल स्पेशल ट्रेन थी, लेकिन इसमें कुछ यात्री डिब्बे भी शामिल थे. हादसा सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ, जब ट्रेन नलपुर स्टेशन के पास पहुंची और अचानक तीन डिब्बे पटरी से उतर गए.

यात्रियों को हुई परेशानी

हादसे के बाद ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है. रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि एक बीपी और दो पार्सल कोच पटरी से उतर गए थे, जिनमें से तीन डिब्बे पलट गए. हालांकि ट्रेन में सवार यात्रियों को हलका झटका महसूस हुआ, लेकिन बड़ा नुकसान नहीं हुआ.

रेलवे अधिकारी ने की पुष्टि

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओम प्रकाश चरण ने हादसे की पुष्टि की और राहत कार्य की जानकारी दी. घटनास्थल पर रेलवे अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं. साथ ही, संतरागाछी और खड़गपुर से राहत ट्रेनें और मेडिकल टीम को भेजा गया है.

राहत कार्य व बचाव कार्य तेज

रेलवे ने इस दुर्घटना के तुरंत बाद राहत कार्य शुरू किया है, जिसमें घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने के साथ-साथ प्रभावित डिब्बों को ट्रैक से हटाने का काम चल रहा है।

पाकिस्तान रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट, 25 लोगों की मौत

इस्लामाबाद (एजेंसी)।

पाकिस्तान में क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए बम विस्फोट में कम से कम 25 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये खबर सामने आई है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले हुआ। विस्फोट उस समय हुआ जब यात्री प्रस्थान की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। रेलवे अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि जाफ़र एक्सप्रेस सुबह 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होने वाली थी। अधिकारियों ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर नहीं पहुंची थी, रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेशन की सामान्य भीड़ को देखते हुए, महत्वपूर्ण हताहत होने का

खतरा अधिक है। बचाव और सुरक्षा टीमों ने तुरंत घटना पर प्रतिक्रिया दी और शवों और घायलों को चिकित्सा के लिए क्वेटा के सिविल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। कुछ घायलों का इलाज ट्रॉमा सेंटर में भी चल रहा है।

टिकट बूथ के पास हुए विस्फोट के समय दो ट्रेनें रवाना होने वाली थीं

सिविल अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है और डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को तुरंत ड्यूटी पर बुला लिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि टिकट बूथ के पास हुए विस्फोट के समय दो ट्रेनें रवाना होने वाली थीं और उनके यात्री पहले से ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे।

ट्रंप की हत्या की ईरानी साजिश का खुलासा, दो लोग गिरफ्तार

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को एक आपराधिक शिकायत दायर करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश में ईरान के हस्तक्षेप का खुलासा किया. मैनहट्टन अदालत में दायर की गई शिकायत के अनुसार, ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) के एक अधिकारी ने पिछले साल सितंबर में एक व्यक्ति से ट्रंप की निगरानी और हत्या की योजना बनाने का आदेश दिया था. अधिकारियों ने बताया कि ईरानी अधिकारी ने फरजाद शकेरी नामक व्यक्ति से ट्रंप को मारने की योजना बनाई, लेकिन शकेरी ने इस साजिश को अमल में लाने में असमर्थता दिखाई. शकेरी से बातचीत के दौरान, ईरानी अधिकारी ने यह भी कहा कि वह इस योजना को चुनाव के बाद तक रोक देंगे।

सुविचार

सफलता मिलने पर फूलें नहीं और असफल होने पर सिकुड़े नहीं। याद रहे जीवन में सफलता और असफलता, दोनों का संबंध हमारी योग्यता के साथ साथ बहुत सी ऐसी बातों से होता है जिनको हम नहीं, कोई और तय करता है।

- सुभाष चंद्र लखेड़ा, द्वारका, नई दिल्ली

भाग्यशाली मैं...

अतुल मलिकराम | लेखक और राजनीतिक रणनीतिक

आज कल जीवन जीने का ढंग किसी राजा महाराजा जैसा हो गया है। जब से स्मार्ट फ़ोन लिया है एक अलग ही अनुभूति होती है। सुबह उठते ही ना जाने कितने गुड मॉर्निंग और सुप्रभात के मैसेज राह देखते हैं, जैसे मेरी प्रभात के शुभ हुए बिना तो मेरे मित्रों का दिन नहीं निकलेगा। इतनी इज्जत पाकर जो अनुभूति होती है उसकी बात ही अलग है। फिर यह दौर सारा दिन चलता है। कभी कोई देवी-देवताओं के दर्शन का लाभ देता है तो कोई प्रवचन और उपदेश देता है, तो कोई फ्रॉड से बचने के तरीके बताता है। इन सभी मैसेजों को पाकर विचार आता है कि हर किसी को कितनी चिंता है मेरी और फिर अपने-आप को भाग्यशाली मानने का मन करता है।

बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं होती इसके अलावा वाट्सऐप यूनिवर्सिटी में सारा दिन ज्ञान मुफ्त में बंटता रहता है। यहाँ ज्ञानी लोग इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, नैतिक शिक्षा, दर्शनशास्त्र और न जाने कितने सुने-अनसुने विषयों पर व्याख्यान देते रहते हैं। लेकिन मेरे शुभचिंतक भी इतने ईमानदार हैं कि वे कोई भी ज्ञान अपने तक सीमित नहीं रखते हैं। वे याद से मेरे साथ ये सारा ज्ञान बांटते हैं ताकि इस ज्ञान से मैं वंचित ना रह जाऊं। अब बताइए इस बात पर स्वयं को किस्मतवाला मानूं या नहीं.....।

सौ साल जीने के नुस्खे से लेकर खाने-पीने के तरीकों तक, सारा दिन मुझे इन सब का ज्ञान तो दिया ही जाता है। फिर रात में भी जब तक मेरे हितैषी मुझे शुभरात्रि कहकर, मेरी रात्रि शुभ होगी यह सुनिश्चित नहीं कर लेते हैं वे सोते नहीं हैं। इस पर महाराजाओं जैसा अनुभव ना हो तो और क्या होगा.....। आप ही बताइए। यह तो बात हुई रोजमर्रा की लेकिन त्यौहारों और जन्मदिन पर तो जैसे शुभकामनाओं की झड़ी सी लग जाती है। हर कोई मेरे सौ साल जीने की कामना करता है। इनमें कुछ जानने वाले तो ऐसे भी होते हैं, जिन्होंने पूरे साल भले ही कई बार मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ाया हो लेकिन वे भी लम्बी उम्र की कामना करते दिखाई देते हैं।

इतना परोपकार देखकर एक बार मेरे मन में भी ऐसा ही विचार आया कि जो ज्ञान मुझे बांटा जा रहा है। उसे अपने तक रखना तो कोई बात नहीं होती। इस ज्ञान को आगे बढ़ाना चाहिए। इस बीच किसी ग्रुप में मैसेज आया कि नए साल में दुर्लभ संयोग बनने वाला है। ऐसा अद्भुत साल न पहले कभी आया था, न भविष्य में कभी आएगा। बस फिर क्या था, दूसरों पर अपनी विद्वत्ता का रुआब झाड़ने के लिए मैंने भी तुरंत दस-बीस ग्रुपों में उसे फॉरवर्ड कर दिया।

फिर ख्याल आया कि मैं अपने ज्ञान की धाक जमाने के साथ कितने लोगों को इस दुर्लभता का ज्ञान देने का महती कार्य कर रहा हूं। फॉवर्डेड मैसेज को फॉवर्ड करके कितनी संतुष्टि और गर्व का अहसास होता है, इसे कोई मैसेज फॉवर्ड करने वाला ही समझ सकता है। उस दिन समझ में आया कि मेरे मित्रगण जो मुझे मैसेज फॉवर्ड करते हैं। उनकी मनोदशा क्या रहती होगी।

खैर, ऐसा परोपकारी काम कितनी तेजी से फैलता है इसका अनुभव भी तुरंत ही हो गया। कुछ घंटों में ही वही मैसेज फिर मेरे मोबाइल में फॉवर्ड होकर आ गया। यहाँ यह जानकारी पहले से पता होने पर मैं गर्व कर ही रहा था कि कुछ ही देर बाद ही मेरी होशियारी का यह भ्रम तोड़ते हुए, मेरे एक मित्र ने कहा, कि हर साल नया साल ही आता है जो न पहले कभी आया था, न आगे कभी आएगा। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और प्रतिवर्ष घटित होती है। उसके यह कहने पर मैंने भी थोड़ा दिमाग लगाया और सोचा कि बात तो सही है।

इस पर अपनी समझदारी पर मुझे ही शर्मिंदगी सी हुई कि मैसेज भेजने से पहले उस पर कम से कम विचार तो करना था। लेकिन मैसेज फॉवर्ड करने की हमें इतनी जल्दी होती है कि हम उस पर एक बार विचार तक नहीं करते हैं। तब से मैंने निश्चय किया कि वाट्सऐप यूनिवर्सिटी का ज्ञान और भाग्यशाली होने का यह भान अब अपने तक ही रखूँगा....

- अतुल मलिकराम (लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

निजता भंग होना शुरू हो ग

महोदय,मोबाइल में इंटरनेट आते ही हमारी निजता भंग होना शुरू हो गई। और फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आ जाने के करण किसी का भी फोन नंबर प्राप्त होते ही वह बड़ी आसानी से हमारी पुरी जानकारियां प्रप्त कर लेते हैं। फिर विभिन्न अवसरों पर त्योहारों पर लिंक दबाते ही बधाई संदेश के साथ अपना फोटो जोड़कर मित्रों को भेजने का मोह हम नहीं स?वरण कर पाते। जबकि लिंक दबाते ही हमारा पूरा बायोडेटा ट्रान्सफर हो जाता है। तो कई बार वीडियो कॉल उठाते ही हमारा अश्लील फेक विडियो बना कर 10 मिनट बाद आपको पैसे नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाती है। और लोक लाज के भय से लोग पैसा दे देते हैं।

ऐसे ही डिजिटल अरेस्ट और कई तरह की ठगने की नई-नई तकनीक के सामने आ रही है। मगर इस चक्रव्यूह में फंसने के लिए कही न कहीं हम भी दोषी हैं। कहीं लॉटरी निकालने का लालच तो कहीं गिफ्ट में कार मिलने का लालच लोग झांसे में आ जाते हैं। यदि हमें आधुनिक तकनीक का उपयोग करना है तो दिल और दिमाग खुला रखना पड़ेंगे मुफ्त का धन बांटने के लिए कोई नहीं बैठा है। और ?1 में चार अठन्नी नहीं आती है। बस इतना ही विवेक जागृत होगा तो हम ठगी का शिकार होने से बच जाएंगे। मॉल पर भी खरीदी के बाद नंबर देना अनिवार्य नहीं है। और सुंदर हसीनाओं की फ्रेंड रिक्वेस्ट को भी नजर अंदाज करें।-

सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी

अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति

जब अपराध को ग्लैमराइज़ किया जाता है, तो यह एक मिसाल क़ायम करता है जहाँ युवा अवैध गतिविधियों को सफलता और मान्यता के मार्ग के रूप में देखते हैं, जिससे सामाजिक नैतिकता प्रभावित होती है। ऐसी फ़िल्में जो अपराधियों को प्रसिद्धि या विलासिता प्राप्त करते हुए दिखाती हैं, युवाओं को अपराध को एक व्यवहार्य जीवन शैली के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकती हैं, युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और ग़लत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फ़िल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है।

मनोरंजन और समाचार मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन गई है, खासकर अपराध में शामिल व्यक्तियों को नायक विरोधी के रूप में चित्रित करने में। यह ग्लैमराइज्ड प्रतिनिधित्व न केवल न्याय और सत्य को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफ़ॉर्म के नैतिक कर्तव्य को कमज़ोर करता है, बल्कि प्रभावित दर्शकों, विशेष रूप से युवाओं को अपराध को आकर्षक या वांछनीय मानने के लिए गुमराह करता है। इस तरह के चित्रण से मीडिया की सामाजिक ज़िम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करने की ज़रूरत पड़ती है। अपराधियों को सनसनीखेज बनाकर, मीडिया की कहानियाँ आपराधिक न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने के बजाय उन्हें सहानुभूतिपूर्ण या वीरतापूर्ण प्रकाश में पेश कर सकती हैं।

जब समाचार आउटलेट किसी अपराधी की पृष्ठभूमि या उद्देश्यों को अत्यधिक कवर करते हैं, तो वे अनजाने में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं, जिससे उनके कार्यों की गंभीरता कम हो जाती है। मीडिया चित्रण अक्सर अपराधियों को ग़लत समझे जाने वाले या विद्रोही व्यक्तियों के रूप में रोमांटिक बनाता है, जिससे एक विषम सार्वजनिक धारणा बनती है जो उनके कार्यों की सच्चाई को कमज़ोर करती है। अपराधियों का महिमामंडन समाज के नैतिक संतुलन को बिगाड़ता है, वास्तविक उपलब्धियों की बजाय अवैध साधनों के माध्यम से भौतिक सफलता को बढ़ावा देता है। मिर्जापुर जैसे शो एक ऐसी कहानी बनाते हैं जिसमें आपराधिक कृत्य धन और सम्मान की ओर ले जाते हैं, जो संभावित रूप से दर्शकों के मूल्य प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। अपराधियों का महिमामंडन पीड़ितों के परिवारों के लिए बहुत ही दुखद हो सकता है, क्योंकि यह उनके द्वारा किए गए दुख को खारिज करता है और न्याय और जवाबदेही की आवश्यकता को नकारता है।

पुष्पा और गब्बर जैसे चरित्र जो कानूनी सीमाओं के बाहर अपराध से लड़ते हैं, वे सतर्कतावाद को रोमांटिक बना सकते हैं, जिससे न्याय की एक दोषपूर्ण समझ पैदा होती है। युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और ग़लत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को

को अपराधियों के व्यवहार या जीवनशैली की नक़ल करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर के विकल्प प्रभावित हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर शो से गैंगस्टर व्यक्तित्वों की नक़ल करने का चलन दर्शाता है कि आपराधिक चित्रण युवाओं को कैसे प्रभावित करता है। अपराधियों को प्रतिष्ठान के खिलाफ विद्रोही व्यक्ति के रूप में महिमामंडित करना युवाओं में कानून प्रवर्तन के प्रति अविश्वास को बढ़ावा दे सकता है। अपराधियों को भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ लड़ने वाले नायक के रूप में चित्रित करने वाले चित्रण कानून प्रवर्तन की सार्वजनिक छवि को नुक़सान पहुँचा सकते हैं। जब अपराध को ग्लैमराइज़ किया जाता है, तो यह एक मिसाल क़ायम करता है जहाँ युवा अवैध गतिविधियों को सफलता और मान्यता के मार्ग के रूप में देखते हैं, जिससे सामाजिक नैतिकता प्रभावित होती है। ऐसी फ़िल्में जो अपराधियों को प्रसिद्धि या विलासिता प्राप्त करते हुए दिखाती हैं, युवाओं को अपराध को एक व्यवहार्य जीवन शैली के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

मीडिया में आपराधिक व्यक्तियों के महिमामंडन को सीमित करने वाले दिशा-निर्देश लागू करें, विशेष रूप से युवाओं के लिए सुलभ सामग्री में। हिंसक या आपराधिक गतिविधियों को चित्रित करने वाली सामग्री के लिए आयु-आधारित प्रतिबंध लगाने से युवा दर्शकों के बीच जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। मीडिया आउटलेट्स को सनसनीखेजता के बजाय जवाबदेही और न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपराधियों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करें। सार्वजनिक प्रसारण एजेंसियाँ व्यक्तिगत अपराधियों का महिमामंडन करने के बजाय अपराध के निहितार्थों पर ध्यान केंद्रित करके एक मानक स्थापित कर सकती हैं। स्कूलों में मीडिया साक्षरता कार्यक्रम लागू करें ताकि छात्रों को महिमामंडित आपराधिक सामग्री के प्रभाव का गंभीरता से विश्लेषण करने और समझने में मदद मिल सके। उदाहरण के लिए कार्यशालाएँ जो युवाओं को सनसनीखेज सामग्री

से तथ्यात्मक रिपोर्टिंग को पहचानना सिखाती हैं, अपराधियों के लिए अनुचित प्रशंसा को कम कर सकती हैं।

समुदाय के नेताओं को युवाओं के साथ आपराधिक महिमामंडन के नकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें रचनात्मक रोल मॉडल की ओर मार्गदर्शन करें। स्थानीय सामुदायिक केंद्र कानून और न्याय पर सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए पुलिस अधिकारियों या सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ता की मेजबानी कर सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले मीडिया अभियान युवाओं को प्रशंसा करने के लिए रचनात्मक व्यक्ति प्रदान कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी, खेल और सामाजिक सेवाओं में नेताओं को प्रदर्शित करना नकारात्मक प्रभावों से ध्यान हटा सकता है। मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन सामाजिक नैतिकता और युवा विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है। यह सुनिश्चित करना कि सामग्री जिम्मेदारी से तैयार की गई है और सकारात्मक रोल मॉडल को बढ़ावा देना एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए महत्त्वपूर्ण है जो न्याय और अखंडता को महत्त्व देता है। ज़िम्मेदार मीडिया चित्रण, सामुदायिक सहभागिता और नियामक निरीक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, भारत एक ऐसा मीडिया वातावरण विकसित कर सकता है जो सकारात्मक सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करता है और आपराधिकता के प्रति प्रशंसा को रोकता है।

- डॉ सत्यवान सौरभ, कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट, 333, परी वाटिका, कौशल्या भवन, बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा - 127045, मोबाइल9466526148, 01255281381

दो पावन आत्मा का मिलन

दोस्त, आज मै ताज होटल चला गया आज से दो साल पहले तुम मुझे ले गई थी, वही थी हमारी दोस्ती की, पहली अद्भुत सुखद यात्रा, जो पूरी निष्ठा से चली, बस कभी कभी, तुम्हें कोई डरा देता था, तुम सहज और भोली मुझ पर पूरा विश्वास होने के बाद भी डर जाती थी और आने का बोल नहीं आती, खैर, आज, तुम नहीं थी पर बाकी सब कुछ वैसा ही था, जो हुआ तुम पूरी तरह, मेरी यादों में, सब कुछ याद लिए बैठी थी और होटल ताज का मालिक भी था, जिससे हम ने बहुत देर तक तीनों ने बात की थी मुझे याद आ गई तुम्हारी वह कविता जो पहले भी पढ़ी थी उस दिन किसी देनिक समाचार पत्र में, सचित्र, वही चित्र के साथ, जो मैने लिया था, वही चित्र जो मुझे बहुत पसन्द है, खैर तुमने लिखा था बाते सब हवा थी, अधूरी कहानी है, व्यर्थ संग्रह की यादें बहुत कुछ लिखा था, सब कुछ सही नहीं था, हताश मन की याद की, छोड़ देने का दर्द लिए थी, जो तुम्हें भी था और मुझे भी, पर छोड़ना एक, दूसरे को तय था, तुम मेरी जिंदगी की खुशी के लिए यह चाहती थी, मै तुम्हारी खुशी के लिए, ताकि यादें परेशान न करे, कभी लगता हैं हमने बहुत देर कर दी, छोड़ने की इस तय शर्त के लिए, कभी लगता तुमने जल्दी कर दी कुछ नहीं समझ आ रहा है और, मन सदा ही, या कहे आत्मा सदा ही, तुम्हारी आत्मा से बात करती हुई जी रही हैं, नहीं जनता अच्छा हुआ या खराब, सब कुछ पहले भी उस ईश्वर पर छोड़ा था और आज भी सब कुछ उसी ईश्वर पर छोड़ता हूँ, सदा ही हर पल पल तुम्हारी खुशी और प्रसन्नता की कामना करते हुए हैं ईश्वर तुम्हें कभी भी कोई तकलीफ न होने दे इतनी खुशियाँ नसीब हो हर पल की तुम मुझे जल्दी भूल भूलों और अपनी आने वाली खुश नुमा जिन्दगी का सफ़र तय करो, जानता हूँ तुम साधरण नहीं हो, सब कुछ जानता हूँ तुम्हारे बारे में और यह भी जानता हूँ तुम मुझे भी अच्छे सा जान गई हो जो शायद आज तक कोई नही जान पाया दोस्त, लगा कभी मुझे छोड़ कर जानेवाली मेरी दूसरी बीवी जाने के दो साल पहले मुझे कुछ जान गई थी और बेहद प्यार के साथ साथ बहुत ही आदर करती थी, खैर, यह मेरी बीवी ही है शायद जो हमे यहाँ तक ले आई की मुझ लाश मै तुमने अद्भुत अद्भुत साथ दे मुझे जिंदा कर दिया, कहने को बीवी थी पर सच तो यह है कि, वह करीब पन्द्रह सालों से केवल एक अच्छी बहुत ही अच्छी दोस्त थी और यही वजह थी कि मै उसे नहीं भूल पा रहा था, बीवी तो दुनिया में जब चाहो मिल जाती हैं किसी को भी, खरीदी भी जा सकती हैं पर एक दोस्त एक साथ, एक, दूसरे का हर पल ख्याल करने वाला लाखो की सम्पति दे कर भी नहीं खरीदा जा सकता हैं और यह बात हम दोनों बहुत ही अच्छी तरह जानते थे, तो सोचो न तुम जब आत्मा या रूह इतनी मिल गई है बिल्कुल एक सी, अद्भुत रूप से एक सी वहाँ न बाते हवा थी न वो पल पल, सब कुछ ईश्वर का अनमोल धरोहर या तोहफा जो आज भी हमें छोड़ने के बावजूद पूरी तरह ताकत और ऊर्जा देता हुआ न केवल जीवन्त रखें है बल्कि बहुत कुछ करने का साहस लिए भी रही यह अधूरी कहानी की बात तो यह भी तय था, तुम भी किसी के लिए जी रही हो और मै भी कुछ अपनों के लिए जो दूसरों के लिए जीते हैं, उनका साथ यह तय है कहानी अधूरी रहे तो ही निष्ठा से, समर्पण से, हम उनका सम्मान करते हुए प्यार करते हुए साथ दे सकते है जो हमने भी यही सोच कर अपनी कहानी को अधूरा छोड़ दिया है और रही बात यह की आज यह अधूरी कथा, कही न कहीं दर्द के साथ कभी कभी, बहुत ही ज्यादा दुःखी कर देती हैं और तब केवल एक ही साथ है वो ईश्वर जिसने हमें यहाँ तक लाया है और एक, दूसरे के अथाह ब्रह्माण्ड रूह से मिला कर, यह अहसास करता है सदा ही कि हमें कोई बहुत बहुत ही प्यार करने वाला है जो खुद से ज्यादा प्यार करता है और हर पल दुआँ मांगता है ईश्वर से, और ईश्वर पूर्ण रूप से हमारे साथ होता है क्यों की यही तो ईश्वर है और यही जिंदा रखें है कि हम निष्ठा के साथ अपने कर्म में लगे रहे इससे ज्यादा कुछ नहीं जानता हूँ जितना वो ईश्वर लिखवा रहा है सत्य लिख रहा है शायद फिर किसी जन्म में वह इस अधूरी कथा को मूर्त रूप दे इससे अधिक सुख और सुकून क्या है हमारे शेष जीवन के सुखद अहसास के लिए।

डॉ रामशंकर चंचल झाबुआ मध्य प्रदेश

मध्यरात्रि में महाकाल पहुंचेंगे द्वारकाधीश से मिलने

वैकुंठ चतुर्दशी पर हरि को सृष्टि का भार वापस सौंपते है हर वैकुंठ चतुर्दशी पर महाकाल की नगरी उज्जयिनी अनूठे धार्मिक आयोजन का साक्षी बनेगी। भगवान महाकाल लाव लश्कर के साथ शहर के मध्य स्थित श्री द्वारकाधीश गोपाल जी के पास जाएंगे और श्रीहरी को संसार के संचालन की व्यवस्था पुन- सौपेंगे। वैदिक मान्यता है कि जब भगवान श्रीहरी जब आसाड़ शुक्ला एकादशी को योग निद्रा में प्रवेश करते है तब संसार के संचालन की व्यवस्था भगवान भोलेनाथ के सौंप देते हैं। चातुर्मास के बाद जब श्रीहरी कार्तिक शुक्ला एकादशी को योग निद्रा का त्याग करते है तब महादेव चतुर्दशी को पुन- भगवान विष्णु को सृष्टि का भार सौंप देते हैं। उज्जैन में हरि-हर मिलन की यह परंपरा करीब 100 वर्ष से ज्यादा पुरानी है। इस वर्ष महाकाल मंदिर से 14 नवंबर की रात 11 बजे भगवान महाकाल की सवारी निकलेगी। करीब दो किलोमीटर लंबा सवारी मार्ग तय कर सवारी द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पहुचेंगी, देर रात श्रद्धालुओं का सैलाब इस आयोजन में शामिल होने के लिए उमड़ता हैं। सवारी मार्ग पर भक्त हरि हर मिलन की खुशी में जमकर आतिशबाजी करते है।

सृष्टि का भार सौंपने की पौराणिक कथा

राजा बलि ने जब स्वर्ग पर कब्जा कर इंद्रदेव को बेदखल कर दिया था। तब इंद्रदेव ने भगवान विष्णुर से सहायता मांगी थी। तभी वामन अवतार लेकर विष्णु राजा बलिष के यहां दान मांगने पहुंचे और उन्होंने तीन पग भूमि दान में मांगी। दो पग में भगवान ने धरती और आकाश नाप लिवया। तीसरे पग के लिए राजा बलिख ने अपना सिर आगे कर दिया। भगवान विष्णु ने तीनों लोकों को मुक्त करके देवराज इंद्र का भय दूर किया। विष्णु ने प्रसन्न होकर राजा बलिर से वर मांगने के लिए कहा। बलिप ने भगवान विष्णु से कहा- आप मेरे साथ पाताल चल कर निषवास करें। भगवान विकष्णु बलि के साथ चले गए। इधर, देवी-देवता और विष्णु की पत्नी लक्ष्मी चिंति त हो उठीं। वे राजा बलि के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांधी। इसके उपहार स्वरूप भगवान विष्णु को मुक्त करने का वचन मांग लितया। यही कारण है कि इन चार महीनों में भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं। वामन रूप में भगवान का अंश पाताल लोक में होता है।

इसलिए देवशयनी एकादशी पर

भगवान शिंव को त्रि लोक की सत्ता सौंपकर भगवान विनष्णु राजा बलि के पास चले जाते हैं। इस दौरान भगवान शिाव पालनकर्ता का काम देखते हैं। और फिर देव प्रबोधिनी एकादशी पर चातुर्मास का समापन होता है और भगवान विष्णु पुन- वैकुंठ पधारते हैं। इसके तीन दिन बाद भगवान शिव वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान श्री हरि विष्णु को पुन- सृष्टि का भार सौंपने गोलोक जाते हैं। हर के हरि से मिलने जाने के इसी धर्म प्रसंग को हरि- हर मिलन कहा जाता है।

शिव महापुराण व विष्णु पुराण में उल्लेख

श्री शिव महापुराण व विष्णु पुराण के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी व चतुर्दशी के संधि काल में हरि-हर मिलन की मान्यता है, इसलिए मध्य रात्रि में हरिहर मिलन होता हैं। यह प्रभाव मुख्यत: उज्जैन में ज्यादा दिखाई देता है। हालांकि संपूर्ण पृथ्वी पर हरि-हर मिलन की यह मध्य रात्रि सभी पुराणों में आंशिक रूप से विद्यमान है, लेकिन उज्जैन में इसका प्रभाव इसलिए विशेष हो जाता है, क्योंकि यहां पर ज्योतिर्लिंग और भगवान नारायण के प्रकट स्थलों के रूप में सप्त सागर व नौ नारायण विद्यमान हैं। इस दृष्टि से यहां की मान्यता विशेष है।

100 साल से अधिक पुरानी परंपरा

सिंधिया देव स्थान ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में हरि-हर मिलन की यह परंपरा 100 साल से भी ज्यादा पुरानी है। सिंधिया स्टेट के समय से ही इसका निर्वहन किया जा रहा है। इसमें गोपाल मंदिर के पुजारी द्वारकाधीश गोपालजी की ओर से भगवान महाकाल को तुलसी की माला पहनाते हैं। और महाकाल की ओर से गोपालजी को भेंट स्वरूप वस्त्र, फल, मिष्ठान, सूखे मेवे आदि प्रदान किए जाते हैं। एवं महाकाल कि ओर से गोपाल जी को बिल्व पत्र की माला अर्पित की जाती है। पूजा अर्चना के उपरांत महाआरती होती और फिर रात करीब 2 बजे गोपाल मंदिर से अवंतिकानाथ की सवारी पुन- महाकाल मंदिर के लिए रवाना हो जाती हैं।

भस्म आरती में आते हैं गोपालजी

गोपाल मंदिर में हरि-हर मिलन के बाद, तड़के 4 बजे भस्म आरती में भी हरि-हर मिलन होता है। भस्म आरती में पुजारी मंदिर परिसर स्थित श्री साक्षी गोपाल मंदिर से गोपालजी को झांझ और डमरू के साथ महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में लेकर आते हैं और हरि-हर मिलन कराया जाता है। बताया जाता है गोपाल मंदिर में हरि-हर मिलन की परंपरा से भी पुरानी साक्षी गोपाल की परंपरा है।

यह रहता है सवारी मार्ग

महाकाल मंदिर से शुरू होकर सवारी कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार होते हुए रात करीब 12 बजे गोपाल मंदिर पहुंचती है। यहां पुजारी भगवान महाकाल व गोपालजी को सम्मुख बैठाकर पूजा-अर्चना करते हैं। इस अनादिकाल से चली आ रही परंपरा का निर्वहन आज भी होता है। हरि हर मिलन की घड़ी का यहां नजारा वाकई देखने लायक होता है।

-देशना जैन
ए-99 विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट
उज्जैन 456006 (म.प्र.)
मेल- deshnajain®z®x@gmail.com
मो- 7440302520

विचार प्रवाह

रिटायरमेंट के बाद की हकीकत

रिटायरमेंट के बाद, मैंने महसूस किया कि जिंदगी कितनी बदल जाती है। दिवाली के मौके पर, जब मैं अपने परिवार के साथ बैठा था, तो मुझे एहसास हुआ कि सम्मान और आदर जो मुझे मिलता था, वह मेरे पद के लिए था, न कि मेरे लिए. मैंने एक अखबार में एक कहानी पढ़ी जो मुझे बहुत पसंद आई। यह एक गधे के बारे में थी जो पूजा समारोह के लिए अपनी पीठ पर देवताओं की मूर्तियाँ ले जा रहा था। जब वह रास्ते में गाँवों से गुज़रता था, तो लोग मूर्तियों के आगे सिर झुकाते थे। हर गांव में लोग उसे नमन करने के लिए जमा होते थे। गधा सोचने लगा कि गांव वाले उसे प्रणाम कर रहे हैं और इस नए सम्मान और श्रद्धा से वह रोमांचित हो उठा. लेकिन जब वह वापस लौटा, तो किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। वह इतना निराश हो गया कि उसने गांव वालों का ध्यान खींचने के लिए रेंकना शुरू कर दिया। शोर से गांव वाले चिढ़ गए और उन्होंने उस बेचारे जानवर को पीटना शुरू कर दिया. मुझे अचानक ज्ञान की अनुभूति हुई। वास्तव में, मैं भी इस गधे जैसा ही था। सम्मान और आदर के वे सारे उपहार और खुले इशारे मेरे लिए नहीं थे, बल्कि मेरे पदों के लिए थे। मैंने अपनी पत्नी से कहा- 'मेरी प्यारी, मैं वास्तव में गधा था। अब जब मुझे सच्चाई का पता चल गया है, तो मैं मेहमानों का इंतजार करने के बजाय दिवाली मनाने में आपके साथ शामिल होऊंगा। लेकिन वह मुझे छोड़ने के मूड में नहीं थी। उसने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'जब मैं इतने सालों से कहती रही कि तुम गधे के अलावा कुछ नहीं हो, तो तुमने कभी नहीं माना कि मैं सही थी। लेकिन आज एक अखबार में छपी एक कहानी ने सच्चाई को उजागर कर दिया और तुमने उसे तुरंत स्वीकार कर लिया!

इस कहानी ने मुझे सिखाया कि जिंदगी में सच्चाई को समझना और स्वीकार करना बहुत जरूरी है। रिटायरमेंट के बाद, मैंने सीखा कि असली सम्मान और आदर अपने आप से मिलता है, न कि किसी पद या सम्मान से।

अजय कुमार बियानी
मेडिकल इंजिनियार नेपानीया इंदौर म.प्र

टेक्नोलॉजी से गुजरात तस्करी की मॉनिटरिंग क्यों नहीं है तो बड़ी तस्करी पुलिस ही क्यों पकड़ती है

शराब से भरा ट्रक लेकर निकला ड्राइवर ट्रक सहित गायब हुआ, पकड़ाया तो ट्रक में गेहूं निकला

इंदौर शिवपुरी/दतिया। (राजेन्द्र के गुप्ता /सात्विक गुप्ता धार जिले की केडिया ग्रेट गिलियन डिस्टलरीज से विदेश मदिरा भांडागार (मदिरा वेयर हाऊस) शिवपुरी के लिए शराब भर कर निकला ट्रक रास्ते में गायब हो गया, जब तक अफसरों की नीद खुलती और ट्रक को पकड़ते तब तक ट्रक में शराब की जगह गेहूं भर चुके थे, ट्रक दतिया से पकड़ाया है।

गुजरात जाने वाले वाहनों पर तकनीक का उपयोग क्यों नहीं ? जिस तकनीक से आबकारी विभाग के काबिल अफसरों ने, शराब से भरे ट्रक को लेकर फरार हुए आरोपी और ट्रक में से शराब खाली होने के बाद पकड़ा है, अफसर वही तकनीक गुजरात जाने वाले ट्रकों को पकड़ने में उपयोग क्यों नहीं करते है ? अपराधी को कैसे दे दिया वाहन ? आबकारी विभाग के कारनामे किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। जारी प्रेस नोट के अनुसार ट्रक का ड्राइवर आदतन अपराधी है, अब सवाल यह उठता है क्या शराब परिवहन का जिम्मा आदतन अपराधियों को दे रखा है ? क्या इनका वेरिफिकेशन नहीं किया जाता है ? ऑन लाईन ट्रैकिंग के दावे फेल डिस्टलरीज से विदेशी मदिरा भांडागार शिवपुरी के लिए निकला शराब से भरा ट्रक रास्ते में गायब हो जाता है विभाग के ऑन लाईन ट्रैकिंग के सारे दावे और व्यवस्था और आदेश फेल हो जाते है ! है ना काबिल अफसरों की काबिलियत । कुछ अधिकारी, कर्मचारी वर्षों से डिस्टलरीज में जमे है डिस्टलरीज में दागियों के चहते पदस्थ कर दिए गए है, वर्षों से डिस्टलरीज में मधुमक्खी की तरह चिपके आबकारी अधिकारियों, कर्मचारियों को हटाने और मुख्यालय पदस्थ करने की कार्यवाही कब की जाएगी ? वही आबकारी अधिकारी, कर्मचारी घूम फिर कर डिस्टलरीज में पदस्थ कर दिए जाते है। ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों को डिस्टलरीज में ही पदस्थापना करने के पीछे आबकारी आयुक्त की मंशा क्या है ? या आबकारी आयुक्त दागियों के मोहरे बन रहे है। फरार तस्कर से मिल कर साजिश रचने के आरोप की जांच जारी आबकारी मुख्यालय में पदस्थ दागी और फरार तस्कर से फरारी में मिलने वाले अफसर के खिलाफ वर्षो से जांच जारी है, उसी अफसर के द्वारा टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ट्रक को पकड़ का दावा प्रेस नोट में किया गया है। ट्रक में शराब भर कर ले जाने के लिए आदतन अपराधी को दे दिया ! यह भी शान से बताया गया है। अब सवाल यह भी उठता है कि आदतन अपराधी से शराब परिवहन करवाई जा रही है ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? गुजरात तस्करी की निगरानी दी जाए शराब गायब होने के बाद गेहूं से भरा ट्रक पकड़ने वाले, आबकारी मुख्यालय में पदस्थ काबिल अफसर को, डिस्टलरीज या वेयर हाउस से निकली शराब, गंतव्य तक पहुंचने की पुष्टि करने या गुजरात उतार दी जाने की निगरानी करने और तकनीकी रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी दी जाना चाहिए। टेक्नोलॉजी से सभी ट्रकों का रिकॉर्ड मेंटेन करके निगरानी रखेंगे और पकड़ेंगे।

डिस्टलरीज और वेयर हाउस, दुकानों, गोडाउन पर भी टेक्नोलॉजी से नियमित निगरानी रखने और रिकार्ड मेंटेन करने की जिम्मेदारी भी शामिल होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार अगर इसी तरह निगरानी की तो काबिल अफसर लगभग 10 ट्रक प्रतिदिन पकड़े सकते है। टेक्नोलॉजी से गुजरात तस्करी की मॉनिटरिंग क्यों नहीं ? है तो बड़ी तस्करी पुलिस ही क्यों पकड़ती है ? राजस्थान रजिस्टर्ड ट्रक से एमपी में शराब ढूलवाई जा रही है। राजस्थान रजिस्टर्ड ट्रक आर जे 11 जी ए 7148 से आदतन अपराधी ड्राइवर को डिस्टलरीज से शराब भर कर शिवपुरी वेयर हाउस ले जाने के लिए दे दी। आदतन अपराधी ड्राइवर शराब से भरा ट्रक लेकर दिनांक 07/11/2024 को धार जिले की ग्रेट गिलियन डिस्टलरीज से निकला और जादू से शराब का गेहूं बना दिए अर्थात आबकारी विभाग के काबिल अफसरों ने जब ट्रक को दतिया में पकड़ा तो ट्रक में शराब की जगह गेहूं भरे मिले !

ट्रक की जांच भी नहीं की अब तक काबिल आबकारी अफसरों ने ट्रक का नंबर और इंजन, चेचिस नंबर का मिलान नहीं किया है। ड्राइवर का वेरिफिकेशन नहीं किया डिस्टलरीज और वेयर हाउस से शराब भर कर निकलने वाले ट्रक (वाहन) का, ड्राइवरों, क्लीनर और मालिको का वेरिफिकेशन कौन करता है ? उन पर भी कार्यवाही होना चाहिए।

डिस्टलर ने ढूंढी लोकेशन

सूत्रों के अनुसार शराब लेकर गायब हुए ट्रक की लोकेशन डिस्टलर के लोगों ने ढूंढ कर दी है। दिनांक 06/11/2024 को परमिट क्रमांक 161380 से 1500 पेटी शराब लेकर राजस्थान रजिस्टर्ड ट्रक निकला, जिसे दिनांक 07/11/2024 को 05.47 बजे तक शिवपुरी वेयर हाउस पहुंचना था, जब ट्रक शिवपुरी वेयर हाउस नहीं पहुंचा तो सूर्या ट्रांसपोर्ट कंपनी ने इसकी सूचना डिस्टलर को दी। डिस्टलर ग्रेट गिलियन वेंचर्स लि. सजवाया जिला धार की तरफ से दिनांक 08/11/2024 को पुलिस चौकी घाटाबिल्लौद डेहरी सराय में दर्ज करवाई है।

सेवा मेले के संदर्भ में आवश्यक बैठक सम्पन्न

इंदौर में 28 नवम्बर से 2 दिसम्बर 24 तक आयोजित होने वाले सेवा मेले के संदर्भ में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला की आयोजक समिति के साथ अखिल निमाड़ लोक परिषद् इंदौर इकाई के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक वाचनालय कक्ष में गुरुवार शाम 5 बजे हुई। आयोजक समिति की ओर से श्री विनोद बिड़ला प्रांतीय महासचिव (एचएसएसएफ), श्रीमती सरस्वती पेंढारकर, श्रीमती अर्चना सोमानी, श्रीमती नंदिता शर्मा, श्रीमती प्रज्ञा चोपड़ा, श्रीमती नीलम दुबे, श्रीमती सारिका लोखंडे उपस्थित रहे। इस बैठक में अखिल निमाड़ लोक न्यास के अध्यक्ष जगदीश जोशीला, अखिल निमाड़ लोक परिषद् को अध्यक्ष हरीश दुबे, कोषाध्यक्ष हरीवल्लभ शास्त्री भी उपस्थित रहे । अनिलोप इंदौर इकाई से श्रीमती पुष्पा दसौंधी, श्रीमती अनुराधा शर्मा, श्रीमती संध्या पगारे, श्रीमती शालिनी बड़ोले, श्रीमती एकता कश्मीरे, प्रदीप नवीन, शरद शर्मा, नवीन जोशीला, पंकज बड़ोले, श्री रविंद्र डोंगरे, श्री ललित कर्मा, अनिलोप महेश्वर इकाई संयोजक विजय जोशी उपस्थित रहे । श्री विनोद बिड़ला ने सेवा मेले मे होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस बार का सेवा मेला नारीशक्ति के उत्थान विषय पर केंद्रित है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल निमाड़ लोक परिषद् की ओर से देवी अहिल्याबाई होल्कर और टंट्या मामा के जीवनवृत पर संगीतमय मंचन ऐसे दो कार्यक्रम की योजना श्री जगदीश जोशीला ने रखी ।

दो ट्रेनों के फेरे विस्तारित

यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यानमें रखते हुए रतलाम मंडल से परिचालित की जा रही दो स्पेकशल ट्रेनों के फेरे पुन- विस्तारित की गई है।गाड़ी संख्याख 01491 पुणे निजामुद्दीन स्पेटशल जिसका अंतिम फेरा 01 नवम्बडर का निर्धारित था अब 22 नवम्ब तक पुणे से प्रति शुक्रवार को चलेगी।गाड़ी संख्यी 01492 निजामुद्दीन पुणे स्पे?शल जिसका अंतिम फेरा 02 नवम्बार को निर्धारित था अब 23 नवम्ब तक निजामुद्दीन से प्रति शनिवारको चलेगी।

श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित करने वाले तीन विभूतियों का सम्मान 10 नवंबर को होगा

इंदौर। श्री श्रीगौड़ विद्या मंदिर संस्था न्यास के तत्वावधान में श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं मानव सेवा के प्रति समर्पित तीन व्यक्तित्वों का अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्री श्रीगौड़ विद्या मंदिर संस्था ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश दुबे, उपाध्यक्ष इंजी. मनोज पण्डित एवं सचिव राजेन्द्र व्यास ने बताया कि प्रतिभा सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह 10 नवम्बर 24, रविवार

को 4 बजे श्रीगौड़ विद्या मंदिर परिसर, राजजी बाजार में होगा। मानव सेवा को समर्पित श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज के गौरव व्यक्तित्व भगवतीप्रसाद पंडित, सुनील व्यास एवं इंजी.मनीष व्यास का अभिनन्दन किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का अभिनन्दन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ गरिमा दुबे, विशेष अतिथि विजय व्यास, सुश्री अंशिता जोशी होंगे। अध्यक्षता ओ पी दुबे करेंगे। कार्यक्रम में स्व डीपी जोशी ट्रस्ट की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार हेतु 3 सिलाई मशीनें भेंट की जाएंगी। इसके अलावा अन्य परिवारों द्वारा आईआईटी में प्रवेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रोत्साहन राशि तथा कृषि पंडित/ कृषि विज्ञान शिरोमणि पुरस्कार भी दिया जाएगा।

प्रेग्नेंसी में करे ताजे और मौसमी फलों का सेवन

फल होते हैं पोषक तत्वों का सबसे बेहतरीन और नेचुरल सोर्स

इंदौर । हेल्थ एक्सपर्ट्स प्रेग्नेंसी के दौरान हेल्दी और सुरक्षित रहने के लिए डेली रूटीन में कुछ हेल्दी आदतें शामिल करना चाहिए। साथ ही डाइट का खास ख्याल रखने की जरुरत होती हैं। फल मिनिरल्स और विटामिंस के साथ कई पोषक तत्वों का सबसे बेहतरीन और नेचुरल सोर्स होते हैं, इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को ताजे और मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए। प्रेगनेंसी में बॉडी को ज्यादा या कुछ अलग न्यूट्रिशंस की ज़रूरत होती है। जानकारी के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में अक्सर कब्ज और इनडाइजेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नींबू का रस लिवर स्टिम्युलेंट होता है, जो कब्ज और डायरिया से राहत दिलाने के साथ बॉडी को लंबे समय तक हाइड्रेटेड रखता है। प्रेग्नेंट महिलाओं को अधिकतर प्रेग्नेंसी के दौरान विटामिन सी की कमी होने का खतरा रहता है। नींबू जैसे खट्टे फल विटामिन सी का अच्छा सोर्स होते हैं। नींबू पानी का सेवन करने से विटामिन सी के साथ कई पोषक तत्वों की पूर्ति होती है। नींबू का रस प्रेग्नेंसी के दौरान पैरों की सूजन को कम करने में सहायक होता है। प्रेग्नेंट महिलाओं में पैरों पर सूजन के साथ दर्द का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में हर रोज एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर पीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

नींबू के रस में पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिसका सेवन करने से बीपी नॉर्मल रहता है। बता दें कि महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान अपनी हेल्थ का खास ख्याल रखने की ज़रूरत होती है, क्योंकि इस दौरान जरा सी लापरवाही भी बच्चे की ग्रोथ को प्रभावित कर सकती है।प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लड प्रेशर का संतुलित रहना बेहद ज़रूरी होता है, इसलिए डॉक्टर्स हर बार ब्लड प्रेशर टेस्ट करते हैं, क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर प्रेग्नेंट महिलाओं के साथ बच्चे की जान को भी खतरे में डाल सकता है।

इंदौर शहर में अब तक 3.64 लाख ,कंपनी क्षेत्र में 8.15 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित

इंदौर। डिजिटल इंडिया की दिशा में बढ़ते हुए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर परियोजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने प्रदेश में सबसे ज्यादा सवा आठ लाख स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं। वर्तमान में इंदौर, उज्जैन रतलाम जैसे बड़े शहरों में स्मार्टमीटरीकरण कार्य तेजी से जारी हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इन स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को नई सुविधाएं मिल रही है, एक ओर जहां मानव रहित स्पष्ट रीडिंग ऑटोमेटिक आ रही है, वहीं बिलिंग संबंधी त्रुटियां भी खत्म हो गई है। ये स्मार्ट मीटर कंपनी के ऊर्जस एप पर लाइव डाटा भी दिखाते है, इससे उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। पश्चिम क्षेत्र कंपनी में लगे आठ लाख पंद्रह हजार मीटरों में सबसे ज्यादा 3.64 लाख मीटर इंदौर शहर में स्थापित हो चुके हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि उज्जैन शहर में 81 हजार, रतलाम शहर में 77 हजार, देवास शहर में 47 हजार, खरगोन शहर में 44 हजार, नीमच शहर में 23 हजार, मंदसौर शहर में 18 हजार, महू शहर में 15050 स्मार्ट मीटर लगे हैं। इसके अलावा अन्य जिला मुख्यालय झाबुआ, बड़वानी, आगर, शाजापुर आदि भी प्राथमिकता से अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर नि:शुल्क रूप से लगाए गए हैं।

बीकानेर-हडपसर(पुणे) के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यातन में रखते हुए रतलाम मंडल से होकर बीकानेर से हडपसर के मध्यध दोनों दिशाओं में एक-एक फेरा स्पेमशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्याय 04721 बीकानेर हडपसर स्पे शल शनिवार 09 नवम्बुर को बीकानेर से 08.55 बजे चलकर रविवार को 17.40 बजे हडपसर रेलवे स्टेबशन पहुँचेगी। यह ट्रेन शनिवार को 23.38 बजे नागदा एवं रविवार को 00.50 बजे रतलाम आएगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्याप 04722 हडपसर बीकानेर स्पे?शल रविवार 10 नवम्ब को हडपसर से 20.00 बजे चलकर मंगलवार को 06.15 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन सोमवार को 11.35 बजे रतलाम एवं 13.58 बजे नागदा पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में नोखा, नागौर, मेड़ता सिटी, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, शामगढ़, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, भूरच, सूरत, वापी, वसई रोड, कल्याण, कर्जत, लोनावला एवं पुणे स्टेभशनों पर ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्ली पर एवं सामान्य1 श्रेणी कोच के साथ चलेगी।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले 11 बी.एल.ओ. को कारण बताओ नोटिस जारी

इन्दौर । इन्दौर जिले में निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले 11 बी.एल.ओ. को अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन्दौर जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता दिनांक 01.01.2025 के अनुसार कार्यवाही 29 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो गई है। इस कार्य में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्र पर कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर दावे आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि समीक्षा में जानकारी प्राप्त हुई कि बी.एल.ओ. के रूप में नियुक्त रीता राय माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल खातीपुरा, अंकित शर्मा सहायक ग्रेड-3 कार्यालय उपायुक्त वाणिज्य कर संभाग-2, साहेब शरण निर्मल सहायक ग्रेड कार्यालय इन्दौर विकास प्राधिकरण, रीमा राठौर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.इन्दौर (ग्रामीण), वंदना चौधरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि-1 इन्दौर, सुश्री कविता दवाने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.क्र. शहरी, बसंती गेहलोद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.क्र. शहरी, रंजनी निगम प्रा. शिक्षक कार्या संकुल प्राचार्य शा.उ.मा.वि.राऊ इन्दौर, सुनीता नरगावे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.क्र. शहरी, रविन्द्र चौहान सहायक ग्रेड-3 कार्या. सहायक आयुक्त वाणिज्यिक कर वृत्त-13 इन्दौर, हेमलता ठाकुर प्राथमिक शिक्षक कार्या. संकुल प्राचार्य शा.उ.मा.वि.रालामंडल इन्दौर द्वारा आदेश जारी किये जाने के उपरांत भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।उक्त कर्मचारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं।

मंसूरी समाज ने पत्रकार नियामत खान का किया सम्मान

इंदौर। मंसूरी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान में समाज मे उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार नियमतुल्लाह खान का अभिनव कला समाज के हॉल में सम्मान किया गया। उन्हें यह सम्मान मास्टर ट्रेनर जस्टिस शमीम खान, पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर हलीम खान, मंसूरी समाज के महाराष्ट्र के अध्यक्ष आरिफ मंसूरी, पार्षद अयाज़ बेग, अध्यक्ष शरीफ मंसूरी, उपाध्यक्ष अमीन मंसूरी, पत्रकार ताहिर कमाल सिद्दीकी, रिज़वान खिलजी की खास मौजूदगी में दिया गया।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य गत

इंदौर। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड शिक्षा नीति के तहत पढ़ो-पढ़ाओ वक्फ स्कॉलरशिप फार्म वितरण कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी इंदौर पधारे। इस दौरान युवा समाजसेवी रेहान अंसारी ने साथियों सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का भव्य स्वागत किया। युवाओं ने उन्हें हारफूलों से लाद दिया।इस दौरान अल्पसंख्यक मामलों में चर्चा भी की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर प्रमुख रूप से महफूज पठान, इमरान अंसारी, साजिद अंसारी, इक़बाल अज्जु आदि मौजूद थे।

इंदौर-खंडवा रोड़ स्थित तेजाजी नगर पर लगा लंबा जाम, लोग होते रहे परेशान

इंदौर। सड़क निर्माण और अव्यवस्था के कारण इंदौर-खंडवा रोड़ स्थित तेजाजी नगर पर लंबा ट्राफिक जाम लगा।जाम में बच्चे, बुजुर्ग और बीमार बहुत परेशान होते नज़र आये। बीती शाम इंदौर-खंडवा रोड़ स्थित तेजाजी नगर पर घन्टो जाम नहीं खुल पाया। तेजाजी नगर चौराहा इंदौर का मुख्य एंट्री गेट है। इसी चौराहे से ही खंडवा और बायपास का पूरा ट्रैफिक शहर में एंट्री करता है। ट्रैफिक में फंसे वल्लभ भाई पटेल व अन्य लोगों का कहना है कि यहां रोजाना समस्या का सामना करना पड़ता है। पुलिस का जाम खुलवाने की तरफ कोई ध्यान नहीं रहता है। तेजाजी नगर खंडवा रोड पर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों का कहना है कि यहां पर सड़क निर्माण का काम चल रहा है, सड़क निर्माण करने वाली कंपनी भी लापरवाही भरा रवैया रखती है। जिस कारण दिनभर वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते है और जमा लग जाता है। जनहित में ट्राफिक जाम से

भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की जरूरत

सैलाना। भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व को जरूरत थी,है और रहेगी।भारत को विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त था और वह पुनः विश्व गुरु बनने की राह पर है। उक्त उद्बोधन दो दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ.एस.सी. जैन ने दिया। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर आशा राजपुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता एवं द्वितीय दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्रश्न मंच, समूह एवं एकल लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई । इस आयोजन में प्रो. भूपेंद्र मंडलोई , रक्षा यादव डॉ. मोनिका आमरे, डॉ. हेमलता बामनिया , डॉ.कल्पना जयपाल का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सत्यनारायण मन्दिर का अन्नकूट संपन्न

सैलाना। शहर के मध्य में स्थित प्राचीन श्री सत्यनारायण मन्दिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। आयोजित महोत्सव से पहले भगवान सत्यनारायण की महाआरती समिति द्वारा की गई समिति से जुड़े राकेश कसेरा ने बताया कि यह अन्नकूट महोत्सव का दसवां वर्ष है और यह पूरे नगर का कार्यक्रम है इनमे सभी नगरवासीयों की सह भागिता होती है समपूर्ण शहर का समिति को भरपूर सहयोग मिलता है आगे भी भगवान के आशीर्वाद से समिति के माध्यम से हम ऐसे आयोजन करते रहेंगे।

तोल काटे का पुजन किया

सैलाना। क्षैत्रिय विधायक डोडियार ने तोल काँटा पूजन कर समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की शुरुआत सोसाइटी के माध्यम से करवाई। इस दौरान सैलाना ब्लॉक की समितियों के सारे पदाधिकारी प्रबंधक सहायक प्रबंधक सहित सभी अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

सैलाना। नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में चल रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष ने किया। वार्ड क्रमांक 4 में डामरीकरण का कार्य चल रहा है इसी कार्य का भूमि पूजन पहले तत्कालीन विधायक श्री हर्षविजय गेहलोत ने किया था कार्य का ओचक निरीक्षण आज नगर परिषद श्री चैतन्य शुक्ल ने भी किया था । कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो इसके लिए ठेकेदार को निर्देशित भी किया ज्ञात रहे शुक्ल इसी वार्ड से पार्षद है और अध्यक्षीय प्रणाली में अध्यक्ष चुने गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष 12 नवंबर को सैलाना आएंगे - हर्ष गेहलोत

दीपावली मिलन समारोह में होंगे शामिल

सैलाना।(मनोज भंडारी) सैलाना विधानसभा के समस्त ब्लॉक के कार्यकर्ताओं का दीपावली मिलन समारोह सैलाना नगर में दिनांक 12 नवंबर मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के जुझारू कर्मठ अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी भी उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए सैलाना विधानसभा के पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत ने देते हुए बताया कि सैलाना क्षेत्र के समस्त कार्यकतागण आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री गेहलोत ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जितू पटवारी अपनी तमाम व्यस्थता के बावजूद भी सैलाना क्षैत्र के कार्यकर्ताओं से दिपावली मिलन समारोह में मिलने आ रहें हैं यह उनका सैलाना क्षेत्र की जनता के प्रति प्यार है। प्रदेश को जितू पटवारी के रूप में ऐसा अध्यक्ष मिला है जो हमारे बीच से निकल कर और पूरे प्रदेश में कहीं भी जरूरत हो सबके लिये ततपर रहने वाला जुझारू अध्यक्ष मिला है यह हमारे लिए कार्यकर्ताओ के लिए ऊर्जा प्रदान करने वाली बात है। दीपावली मिलन का यह कार्यक्रम 12 नवम्बर मंगलवार को दोपहर में आयोजित होगा।

योगी पित्र पुरुष दिव्यता को श्रृद्धा भाव अर्पण

रतलाम। मानव सेवा योग केंद्र एवं लायंस योग केंद्र वाघेला गोसेवा जीवदया समिति के 95 वर्षीय संस्थापक सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी भेरुलाल जी चौहान के आकस्मिक निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में योग सेवकों ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। स्वर्गीय भेरुलाल जी के 8 लड़के लडकिया 14 पोते पोतियों एवं चार पड़ पोतों के साथ सम्पन्न स्वस्थ भरा पूरा परिवार पांचवी पीढ़ी देखने वाले रतलाम नगर के योगी दिव्यता जिन्होंने संपूर्ण जीवन योग के प्रति समर्पित होकर लोगों को रोग मुक्त कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया ऐसे योगी पुरुष को श्रद्धांजलि सभा में योग गुरु रामबाबू यादव, दिनेश वाघेला बाबूलाल सिसौदिया, कैलाश सोमानी, महावीर सिंह शक्तावत, पतंजलि जिलाध्यक्ष विशाल कुमार वर्मा, गोविंद शेखावत, हरीश पाहुजा, अशोक तिवारी, विनोद बैरागी, एडवोकेट सरोज सोनी, रेखा शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण के लिए लगाया जिला स्तरीय शिविर

एक साथ बैठे एसपी, एएसपी सहित रतलाम जिले के समस्त पुलिस अधिकारी, 200 से अधिक शिकायतों का निदान, एसपी अमित कुमार ने शिविर के पहले बैठक लेकर कहा- थाने पर ही होगी सुनवाई तो नहीं होगी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें

रतलाम। जिले में सीएम हेल्पलाइन की पेंडिंग शिकायतों के निराकरण के लिए शनिवार को जिला स्तरीय वृहद शिविर लगाया गया। एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा सहित जिले के समस्त सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारी एक साथ बैठे और शिकायतों की सुनवाई कर शिकायतों का निराकरण किया। उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा के निर्देश पर उज्जैन संभाग के सातों जिले में इस तरह के शिविर लगाए गए।

जिला पुलिस लाइन पर लगाए गए शिविर में जिले के समस्त थाना प्रभारी टेंट के नीचे एक लाइन से बैठे थे। यहीं एसपी अमित कुमार और एएसपी राकेश खाखा भी पूरे समय मौजूद रहे। थाना प्रभारी स्तर पर निराकरण से असंतुष्ट फरियादी एएसपी और फिर एसपी से मिल रहे थे। फरियादी के बैठने के लिए कुर्सी और पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी रखी गई थी। शिविर में 200 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया।

कई तरह की शिकायतें -पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में सीएम हेल्पलाइन की 750 के लगभग शिकायतें पेंडिंग है। शिविर में आज आई शिकायतों में मर्ग जांच, शिकायत पर कार्रवाई नहीं होना, जांच से असंतुष्टि सहित आपसी विवाद एवं अन्य शिकायतें थी। 100 दिन से अधिक अवधि से पेंडिंग शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी अमित कुमार ने थाना प्रभारियों को दी सख्त हिदायत-शिविर के पहले एसपी अमित कुमार ने जिले के सभी सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों की बैठक लेकर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि थाने पर ही थाना प्रभारी द्वारा प्राथमिकता से शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए तो सीएम हेल्पलाइन में शिकायत नहीं होगी। थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कि थाने पर आने वाले फरियादी से अच्छा व्यवहार हो और अधीनस्थ कर्मचारी फरियादी को बुरा व्यवहार कर शिकायत सुने बिना नहीं लौटा दे। एसपी ने कहा कि जिस थाने की ज्यादा शिकायतें पाई गई, समझा जाएगा कि वहां सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में कार्रवाई के लिए तैयार रहे। एसपी अमित कुमार ने कहा कि हर महीने इस तरह के शिवर लगाकर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा ने कहा-शिकायतों के निराकरण से अपराध नियंत्रण में मदद-उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा के निर्देश पर संभाग के सभी जिलों में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के शिविर लगाए गए। उन्होंने कहा कि अगस्त से दिवाली तक पुलिस लगातार ड्यूटी में व्यस्त रहती है। एसे में कई बार शिकायतें पेंडिंग रह जाती है। पेंडिंग शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग के सभी जिलों में शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। श्री जोगा ने कहा कि कई शिकायतें आपसी विवाद की होती है। यदि उनका समय पर निराकरण कर दिया जाए तो कई अपराध होने से पहले ही रोके जा सकते हैं। शिकायतों के निराकरण से अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि श्री जोगा पूर्व में भी अन्य रेंज में इस तरह के शिविर आयोजित कर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करवा चुके हैं।

मारवाड़ी स्वर्णकार समाज का दीपावली मिलन व अन्नकूट महोत्सव आयोजन रविवार को

रतलाम। श्री मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के श्रीमद भागवत गीता पर्व सप्ताह ट्रस्ट बोर्ड के द्वारा 10 नवम्बर रविवार को दोपहर 11.30 बजे श्री शेषनारायण मंदिर तथा 12.30 बजे उकाला रोड़ स्थित श्री अष्टभुजा महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर पर अन्नकूट भोग लगाकर आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही सायं 6 बजे जेएमडी पेलेस पर मध्य प्रदेश शासन के एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप व महापौर प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य व जिला भाजपा अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के विशेष आतिथ्य तथा युवा समाजसेवी प्रवीण सोनी की अध्यक्षता में दीपावली मिलन एवं समाज के वरिष्ठ वृद्धजनों तथा मातृशक्ति का अभिनन्दन किया जाएगा। इस सामाजिक आयोजन को सफल बनाने की अपील संस्थापक अध्यक्ष नवनीत सोनी, संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मींडिया, पूर्व समाज अध्यक्ष श्यामलाल कड़ेल, भगवती लाल जलोतिया, परामर्शदाता अरविंद सोनी, संरक्षक जगदीश भामा , संजय अग्रोया, राजकुमार बेवाल, अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, सचिव रमेश सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, शैलेष जलोतिया, कोषाध्यक्ष संजय सोलीवाल, सहसचिव संतोष कड़ेल, मीडिया प्रभारी अखिलेश सहदेव, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा देवी मिंडिया, युवा मंच अध्यक्ष लक्की सदेवड़ा (भीमा), कार्यकारिणी सदस्य व भूपेन्द्र मंडावर, राजेंद्र अग्रोया, मुकेश अग्रोया, संदीप कड़ेल, हेमंत सारडीवाल, गोपाल खेजडवाल, प्रकाश मिंडिया, राजेश भामा, संजय मांडन, अमीत आषट, संजय खजवानिया, मोतीलाल मिंडिया, प्रेमनारायण मंडावरा, निरंजन सदेवडा, राजेंद्र डसानिया आदि ने की है।

खेत पर सोए किसान की हत्या: सुबह बड़ा भाई पहुंचा तो पता चला, हाथ-पैर भी तोड़ दिए; डॉग स्क्वाड से की जा रही सर्चिंग

रतलाम। जिले के गांव दिवेल में एक किसान शनिवार सुबह मृत अवस्था में मिला है। किसान के हाथ-पैर टूटे मिले हैं। संभावना जताई जा रही है कि किसी ने हत्या की है। हत्या की सूचना मिलने पर रतलाम से पुलिस के अधिकारी डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंचे। घटना सैलाना थाने की धामनोद चौकी अंतर्गत गांव दिवेल की है। मृतक का नाम हिम्मत सिंह (47) पिता करण सिंह देवड़ा निवासी दिवेल है। शनिवार सुबह मृतक के बड़े भाई कमल सिंह ने देखा तो पता चला। कमलसिंह पास में अपने खेत पर सोए थे। सुबह जब वह उठे और भाई के खेत की तरफ गए तो पता चला। इसके बाद उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि खेत की निगरानी के लिए कमल सिंह रात में खेत पर सोने गए थे। हत्या की सूचना मिलते ही सैलाना थाना व धामनोद पुलिस चौकी से पुलिस बल पहुंचा। इसके बाद रतलाम से एएसपी राकेश खाखा, सैलाना एसडीओपी नीलम बघेल, एफएसएल अधिकारी

अतुल मित्तल पहुंचे। आसपास के क्षेत्र में डॉग स्क्वाड से भी सर्चिंग कराई जा रही है। **हाथ पैर तोड़ रखे** -मृतक के हाथ-पैर पूरी तरह से टूटे मिले है। ग्रामीणों के अनुसार हिम्मत सिंह अपने ही खेत पर सोते थे। वह जिस पलंग पर सोते थे, उसके पास ही नीचे शव मिला है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। पंचनामा बनाकर शव को रतलाम मेडिकल कॉलेज पीएम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

मृतक अकेला रहता था-मृतक अकेला रहता था। घटना स्थल के पास बीयर की बोतल मिली है। पुलिस को संभावना है कि कुछ लोग बैठ कर शराब पी रहे होंगे। मृतक ने मना किया होगा। इसी दौरान कुछ विवाद हुआ होगा। हालांकि अभी पीएम रिपोर्ट के बाद ही पूरा खुलासा की बात कही जा रही है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि मृतक अकेला रहता था। प्राथमिक जांच में जमीनी विवाद से जुड़ा हत्या होना प्रतीत हो रहा है। टीम जांच में लगी है।

फोरलेन निर्माण के बीच आ रहा दरगाह का हिस्सा टूटेगा : प्रशासन और दरगाह कमेटी की हुई बैठक, भड़काऊ मैसेज करने वालों पर रहेगी नजर

रतलाम। जावरा फाटक से सेजावता तक 4.12 किमी में बन रहे फोरलेन में पहलवान साहब (बाबा) की दरगाह का कुछ हिस्सा अतिक्रमण में आ रहा है। प्रशासन ने हिस्से को हटाने के लिए नोटिस दिया है। जिसको लेकर शनिवार को प्रशासन के अधिकारियों के साथ दरगाह कमेटी और मुस्लिम समाजजनों की बैठक हुई। जिसमें दरगाह के अतिक्रमण वाले हिस्से को तोडने पर सहमति बन गई है। जावरा फाटक से सेजावता तक फोरलेन बनाने का शुरुआती कार्य पिछले काफी दिनों से चल रहा है। शनिवार शाम को निर्माण कार्य के बीच में आ रहे दरगाह के हिस्से का प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां पहुंचकर निरीक्षण किया था।

सभी की सहमति से काम शुरू होगा-अपर कलेक्टर शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि दरगाह कमेटी और समाजजनों को बैठक के लिए बुलाया गया था। करीब दो घंटे से अधिक चली बैठक के बाद दरगाह कमेटी अतिक्रमण को हटाने के लिए राजी हुए है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी मंशा थी कि एक पक्षी कार्रवाई नहीं हो, ताकि किसी प्रकार का कोई कम्युनिकेशन गैप न रहे। सभी की बात सुनी है, उन्हें सारी चीजों से अवगत कराया है। सभी

की सहमति से आज से ही काम शुरू होगा। बैठक के बाद शहर काजी अहमद अली ने बताया कि सभी के निर्णय के बाद सहमति बनी है। हम प्रशासन के साथ हैं।

अतिक्रमण हटाने का काम शुरू-बैठक में सहमति बनने के बाद दरगाह पर प्रशासन का अमला पहुंच गया। दरगाह के अंदर के कुछ हिस्सों को तोड़ा जा रहा है। इस दौरान मौके पर एसडीएम अनिल भाना, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, पीडब्ल्यूडी एसडीओ पीके राय अमले के साथ पहुंच गए है।

21 मीटर जगह चाहिए, मिल रही 14-16 मीटर-पीडब्ल्यूडी के ईई अनुराग सिंह के अनुसार फोरलेन के लिए 21 मीटर जगह चाहिए। दरगाह और मस्जिद के पास में साढ़े 14 मीटर से लेकर 16 मीटर तक ही जगह मिल रही है। बाकी की जगह पर अतिक्रमण है। इसे हटाने के लिए प्रशासन ने नोटिस दिया है। इसके बाद दरगाह से जुड़े कुछ लोग आपत्ति जता रहे थे।

भारत स्काउट एवं गाइड का स्थापना दिवस मनाया गया

रतलाम। शासकीय माध्यमिक विद्यालय खाराखेड़ी में भारत स्काउट एवं गाइड के 75 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्काउट गाइड झंडा गीत एवं ईश प्रार्थना की गई। गाइडर एवं माध्यमिक शिक्षिका(संस्था प्रभारी) सुश्री ललिता कुशवाह द्वारा स्काउट और गाइड की स्थापना के बारे में परिचय कराया गया एवं बच्चों को बताया गया की गाइड की प्रतिज्ञा एवं नियमों को ध्यान में रखते हुए हमें प्रत्येक दिन भलाई का कार्य करते हुए जीवन में आगे बढना है। क्योंकि भारत स्काउट एंड गाइड की स्थापना का उद्देश्य ही युवाओं में एक अच्छे नागरिक बनने की भावना विकसित करना, चरित्र निर्माण करना, आत्मनिर्भर बनाना, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना है। स्थापना दिवस एवं कैंसर दिवस के ऊपर गाइड्स द्वारा रंगोली बनाई गई। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई एवं सर्वधर्म प्रार्थना की गई। गांव में रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक नरेंद्र सिंह पंवार एवं प्रकाश शुक्ला ने भी स्काउट गाइड के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में कैंसर जैसी भयावह बीमारी से बचने के लिए अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया।

न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह मनाया गया

रतलाम। राज्य प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तक न्यायोत्सव- विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों के आयोजन किया गया।

सप्ताह के अंतिम दिन के अवसर पर 9 नवंबर को न्यायोत्सव- विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत मैराथन दोड़ प्रातः 8 बजे बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष उमेश पाण्डव की अध्यक्षता में एवं जिला दण्डाधिकारी राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित सिंह तथा विशेष न्यायाधीश प्रयागलाल दिनकर, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, रामजी गुप्ता, सचिव एवं जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संजय कुंमार जैन, जिला न्यायाधीश आदित्य रावत, श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि, निर्मल मंडोरिया, आशीष श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, राजेश नामदेव और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक मोदी, न्यायिक मजिस्ट्रेट अतुल यादव, डी. पी. सूत्रकार, अनुपम तिवारी, सुश्री सपना कनोडिया, अतुल श्रीवास्तव, सुश्री प्रगति असाटी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजीव उब्बी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा, जेल अधीक्षक सर्किल जेल

लक्ष्मणसिंह भदौरिया, यातायात डीएसपी अनिल कुमार राय, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पत्रकारगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, खेल विभाग एवं विधि महाविद्यालय आदि छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, धावक आदि की उपस्थिति में जिला न्यायालय रतलाम के गेट नं. 02 से मैराथन दौड़ प्रारंभ होकर छत्री पुल, नगर निगम, कॉलेज रोड़ होते हुए लोकेन्द्र टॉकीज से न्यू रोड़ होते हुए जिला न्यायालय रतलाम पर समाप्त हुई। मैराथन दौड़ के उपरांत प्रातः 11.30 बजे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन, रतलाम में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ लाल रिबन काटकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायाधीशगण एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, छात्रगण, पत्रकारगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण आदि की उपस्थिति में किया गया। राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा संचालित एवं राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं सामान्य कानूनों एवं नये कानून बी. एन. एस. आदि जो वर्तमान में प्रचलित है की प्रदर्शनी के माध्यम से की जानकारी दी गई।

साप्ताहिक कार्यक्रम में चित्रकला, निबंध, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़ के अंतर्गत भाग लेने वाले विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने एवं समस्त पैरालीगल वालेंटियर संपूर्ण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां दिशा-निर्देश विषयों पर आयोजित की गई जिसमें जागरूकता शिविर तथा श्रमिक बस्ती, मलिन बस्ती, ग्रामीण अंचल में 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले वरिष्ठजन के लिए आयुष्मान कार्ड एवं कानूनी जागरूकता के लिए डोर-टू-डोर पंपलेट्स, बेनर्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

ट्रांसफार्मर के लिए इंतजार... 100 केवीए के 3 दिन बाद दे रहे, दफ्तर में किसान काट रहे रात

रतलाम। ट्रांसफार्मर के लिए किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली कंपनी के दफ्तर में रात काटनी पड़ रही है। 100 केवीए के ट्रांसफार्मर तो 3 दिन बाद ही मिल रहे हैं। गेहूं, मटर, प्याज, लहसुन की बुवाई के बाद पानी की जरूरत होने के बाद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे क्षेत्र के किसान हर दिन परेशान हो रहे हैं।

बिजली कंपनी 25 केवीए और 65 केवीए के ट्रांसफार्मर तुरंत बदलने और 100 केवीए के ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलने का दावा कर रही लेकिन हकीकत इसके उलट है। 25 केवीए और 65 केवीए के ट्रांसफार्मर की किसानों को दूसरे दिन मिल रहे। 100 केवीए के लिए तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा। चंबल कॉलोनी स्थिति बिजली कंपनी के वितरण केंद्र पर शुक्रवार को भी यही स्थिति रही। 25 केवीए और 65 केवीए के ट्रांसफार्मर लेने के लिए कई किसान

गुरुवार से ही आए थे। उन्हें शुक्रवार दोपहर तक ट्रांसफार्मर नहीं मिल पाया। किसानों से कंपनी के कर्मचारी यही बोल रहे थे कि बदल देंगे। शाम तक आपको ट्रांसफार्मर मिल जाएगा। वहीं 100 केवीए के ट्रांसफार्मर लेकर आने वाले किसानों से बोला जा रहा था कि इंदौर से गाड़ी आने वाली है। गाड़ी आते ही आपको ट्रांसफार्मर देंगे। कोई 25 किमी तो कोई 30 किमी दूर से ट्रांसफार्मर लेने आया था। बिजली कंपनी की लेतलाली से किसान परेशान हैं। क्षेत्र में गेहूं, प्याज, लहसुन, मटर की बुवाई चल रही है। जहां पर बोवनी हो गई वहां भी पानी की जरूरत है। दो से तीन दिन इंतजार करना पड़ रहा- किसान नेता देवेंद्रसिंह सेजावता एवं मानवेंद्रसिंह लुनेरा ने बताया कि किसानों ने खेतों में मटर सहित अन्य फसल लगा ली है। ऐसे में सिंचाई की जरूरत है। 4 दिन पहले आंदोलन किया था तब बिजली कंपनी के डीई ने कहा था कि हम 25 केवीए और 65 केवीए का ट्रांसफार्मर उसी दिन दे रहे लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। छोटे ट्रांसफार्मर भी दो दिन में मिल रहे। दो दिन हो गए हैं अब तक ट्रांसफार्मर नहीं मिला- बाजना के जंबूरी खदान के किसान हरीश डिंडोर ने बताया कि 65 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। फसलों को पानी भी नहीं दे पा रहे। गुरुवार से आए लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला। बाजना के किसान जीवन मईड़ा ने बताया कि 63 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। रात को यहीं सोए ताकि जल्द मिल जाए लेकिन अब तक नहीं मिल पाया। 30 से 32 ट्रांसफार्मर रोज बदल रहे- बिजली कंपनी के चंबल ग्रिड में 30 से 32 ट्रांसफार्मर रोज बदले जा रहे हैं। 25 केवीए के 15 ट्रांसफार्मर, 65 केवीए के 5 और शेष 100 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं।

सिरपुर तालाब रामसर साइट के पास चला निगम का जेसीबी, हटाए अतिक्रमण

इन्दौर। नगर निगम के रिमूवल अमले ने अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही के तहत सिरपुर तालाब रामसर साइट के समीप अवैध कब्जे कर बनाएं अतिक्रमण को जेसीबी से हटा दिया ।

निगम को लगातार यहां सड़क और तालाब कैचमेंट एरिया के मध्य शासकीय भूमि पर गुमटियां बनाकर किये गये अवैध निर्माण की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद एसडीएम स्तर के प्रशासनिक अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचे नगर निगम रिमूवल अमले ने दस से अधिक अवैध निर्माण हटाए । सुरक्षा व्यवस्था के बीच निगम अमले द्वारा की गई इस कार्रवाई में एक बारगी हंगामे के हालात बन गए थे लेकिन निगम अमले ने सख्ती के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया।

डॉ. ममता चन्द्रशेखर ने किया प्राचार्य का पदभार ग्रहण

इंदौर। शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) को मिली नई महिला प्राचार्य डॉ. ममता चन्द्रशेखर ने किया प्राचार्य का पदभार ग्रहण शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ते हुए एक महिला प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया है।

यह एक गौरपूर्ण क्षण है, जब महाविद्यालय में नेतृत्व कि बागडोर एक योग्य एवं प्रेरणादायक महिला प्राचार्य को सौपी गई है उनके कार्यभार संभालने के साथ ही महाविद्यालय शिक्षा के नए मापदंड स्थापित करने के फ एक्सीलसस महिला प्राचार्य का नियुक्त होना छात्रों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेंगा।

उन्होनें अपनी सेवाओं से महाविद्यालय को नई ऊचाइयों पर ले जाने का संकल्प व्यक्त किया है। डॉ. ममता चन्द्रशेखर ने इस अवसर पर कहा कि महिला नेतृत्व का उद्देश्य केवल पदभार संभालना नहीं, बल्कि छात्रों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाना भी है मैं महाविद्यायल को शैक्षणिक और नैतिक मूल्यों में उत्कृष्टता दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी।

विश्वनाथ धाम पर गोपाष्टमी एवं दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृत शिक्षा संस्थान ट्रस्ट विश्वनाथ धाम पर गोपाष्टमी एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम मनाया गया। घुंघरू और चुनरी दुपट्टे से श्रृंगारित विश्वनाथ धाम गोशाला में पंडित किशोर जी शास्त्री के सानिध्य में 150 गायों की विधिवत पूजा अर्चना करके उन्हें गुड़, रोटी, हरी सब्जी एवं अन्य पौष्टिक लड्डुओ का भोजन कराया गया एवं तत्पश्चात परम पूज्य ब्रह्मलीन बाल कृष्ण यति जी महाराज एवम् वर्तमान पीठाधीश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यति जी महाराज का चित्र एवं पादुका पूजन कर के दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सुभाष गोयल, पंकज मित्तल, रामदास अग्रवाल, मुकेश कचोलिया, कैलाश अग्रवाल, विजय भूतड़ा, राजेश शारदा, हेमंत गोयल आशिष कचौलिया, अजय अग्रवाल, आकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शुल्क कार्गो सेवा प्रदाताओं के लिए माल के लिए बीमा अवधि, लाइसेंस नियमों में छूट

इंदौर ।सरकार ने पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के लिए कई मुख्य कदम उठाये हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सीमा शुल्क कार्गो सेवा प्रदाताओं के लिए कई छूटों की घोषणा की है। इसके अलावा वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि सीमा शुल्क क्षेत्र के अंतर्गत भंडारण वस्तुओं के बीमा की अवधि को मामूली संख्या के दिनों के लिए कम किया जाए। इस निर्णय से सीसीएसपी को सीमा शुल्क क्षेत्रों में संग्रहित वस्तुओं का 5 दिनों के लिए बीमा करने की आवश्यकता होगी, जो न केवल व्यवसायिक सुविधाओं को बढ़ावा देगा बल्कि नकदी प्रवाह में वृद्धि भी सुनिश्चित करेगा। यह नए उद्यमों को प्रवाहित वित्त पहुंचाने में मदद मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था को नया ऊँचाई देगी। इस प्रकार, सरकार ने एक और कदम उठाकर व्यापारिक लोगों को वित्तीय तनाव से राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

आउटर रिंग रोड और पीथमपुर लॉजिस्टिक पार्क योजना रद्द करने की मांग को लेकर किसानों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

इंदौर। आउटर रिंग रोड पूर्वी एवं पश्चिमी के साथ पीतमपुर लॉजिस्टिक पार्क के लिए संघर्ष करने वाले हंसराज मंडलोई एवं विजय चौधरी ने अपने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि पूर्व घोषणा के अनुसार पीथमपुर एसडीएम कार्यालय पर आउटर रिंग रोड एवं पीथमपुर लॉजिस्टिक पार्क योजना को रद्द करने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने चार घंटे तक लगातार एस डीएम कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

इंदौर बुधनी रेलवे लाइन अहिल्या पंथ योजना एवं इकोनामिक कॉरिडोर पीथमपुर के प्रभावित किसान भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए

हंसराज मंडलोई ने आगे बताया कि इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ किसान नेता एवं ग्राम पंचायत खंडवा के पूर्व सरपंच बद्री लाल चौधरी ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि हम हमारे बाप दादा की जमीन किसी भी कीमत पर आउटर रिंग रोड एवं पीथमपुर लॉजिस्टिक पार्क में नहीं देंगे क्योंकि हम पहले ही पीथमपुर की कई परियोजनाओं में जमीन देकर बर्बाद हो चुके हैं।

अब थोड़ी बहुत जमीन जो बची हैं उसको देकर हम हमारे परिवार और बच्चों को बर्बाद नहीं करेंगे पीतमपुर लॉजिस्टिक पार्क के प्रभावित किसान और सुप्रीम कोर्ट तक ग्राम जा मोदी के किसानों की लड़ाई लड़ने वाले अशोक पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम किसी भी हालत में लॉजिस्टिक पार्क में हमारी जमीन नहीं देंगे चाहे जमीन को बचाने के चक्कर में हमारी जान ही क्यों ना चली जाए इंदौर बुधनी रेलवे लाइन एवं आउटर रिंग रोड के लिए संघर्ष करने वाले किसान नेता कृष्णकांत पटेल ने कहा की पीथमपुर क्षेत्र के किसान अपने आप को अकेला न समझिए आपके साथ-साथ जिलों के किसान कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं आपकी और हमारी लड़ाई एक ही है

मंडलोई ने आगे कहा कि धरना प्रदर्शन का समय 1:00 बजे का निर्धारित था परंतु पीथमपुर एफडीएम जा मोदी में जमीन पर कब्जा करने के लिए दलबल के साथ वहां गए थे तो किसानों ने जोरदार नारेबाजी कर एस डीएम कार्यालय पर ज्ञापन चस्पा करने की चेतावनी दी तो अधिकारी भागते हुए कार्यालय पर पहुंचे जहां पर उनको ज्ञापन दिया गया जिसमें किसानों ने मांग की की आउटर रिंग रोड योजना एवं पीथमपुर लॉजिस्टिक पार्क योजना को रद्द किया जाए क्योंकि यह योजना भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने वाली है।

आउटर रिंग रोड योजना के बदले जो रोड पहले से मौजूद है उनको चौड़ा किया जाए या फिर आउटर रिंग रोड योजना को सरकारी जमीन में से निकल जाए एस डीएम ने किसानों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना एवं भरोसा दिलाया कि मैं आपकी बात राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा इस मौके पर उदय सिंह पटेल दिलीप राव थोरात पूर्व पार्षद निहाल सिंह रघुवंशी मनोज चौधरी सहित अनेक किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निजी संपत्तियों के मनमाने अधिग्रहण पर अंकुश लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले में है बहुत कुछ जानें

संविधान के अनुच्छेद 39(बी) पर सुनवाई करते हुए दिया गया फैसला

इंदौर। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ ने 5 नवंबर को एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए सरकार को निजी संपत्तियों को अधिग्रहण करने और उन्हें सामुदायिक संसाधन मानकर बांटने पर रोक लगा दी। यह निर्णय निजी संपत्तियों के अधिग्रहण पर सरकार की शक्ति का दायरा तय करता है।

संविधान पीठ ने यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 39(बी) पर सुनवाई करते हुए दिया। यह निर्णय 7-2 के बहुमत से आया, जिसमें जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस धूलिया ने असहमति व्यक्त की थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने दो अहम मुद्दे थे पहला, क्या अनुच्छेद 31-सी अब भी लागू है, जो संपत्ति के अधिकार से संबंधित है, दूसरा, अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या। संविधान का अनुच्छेद 31-सी, जिसे 25वें संविधान संशोधन (1971) के तहत जोड़ा गया था, सरकार को सामाजिक कल्याण के लिए संपत्ति अधिग्रहण करने की अनुमति देता है, परंतु इसे सीमित रूप से ही लागू करने की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अनुच्छेद 39(बी) का उपयोग सभी निजी संपत्तियों के सामुदायिक पुनर्वितरण के लिए नहीं किया जा सकता।

शुरुआत में संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार था, लेकिन 44वें संविधान संशोधन (1978) में इसे मौलिक अधिकार से हटा दिया गया और अनुच्छेद 300ए के तहत इसे विधिक अधिकार बनाया गया। अब सरकार भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के तहत संपत्ति अधिग्रहण कर सकती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मनमाने अधिग्रहण पर अंकुश लगाता है।

फैसले का असर कई क्षेत्रों पर पड़ने का अनुमान

विशेषज्ञों के अनुसार, इस फैसले का असर कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है, जिनमें वक्फ संपत्तियां और कोयले के राष्ट्रीयकरण से जुड़े कानून शामिल हैं। यह निर्णय हाल के प्रॉपर्टी विवादों, विशेष रूप से वक्फ संपत्तियों को लेकर विवादों पर रोक लगाने का काम करेगा और सरकार को निजी संपत्ति के अधिग्रहण में अधिक सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करेगा।

अनुच्छेद 39(बी) के तहत सरकार को संसाधनों का इस प्रकार बंटवारा करना होता है कि वे समाज के लाभ के लिए काम आ सकें। इस सिद्धांत के आधार पर सरकार संपत्ति पर नियंत्रण रखने के लिए नीतियां बनाती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सुनिश्चित करता है कि यह नीति सभी निजी संपत्तियों पर लागू न हो। यह फैसला संपत्ति के अधिकार और सरकारी नीतियों के संतुलन को बनाए रखने में एक अहम कदम माना जा रहा है।

महापौर संग प्रेस्टीज साक्षरता मिशन के बच्चों ने मनाई सार्थक दिवाली

इंदौर। प्रेस्टीज साक्षरता मिशन के बच्चों ने इस दिवाली को खास अंदाज में मनाया, जब इंदौर के अन्नाभाऊ साठे बस्ती के बच्चों के साथ शहर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और उनकी पत्नी श्रीमती जूही भार्गव ने सार्थक दिवाली – सबकी दिवाली का संदेश देते हुए पूरे दिन का समय साझा किया।

इस पहल का उद्देश्य था कि समाज के हर वर्ग के बच्चे इस पर्व की खुशियों में समान रूप से शामिल हों और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जाए।

दिवाली के उत्सव की शुरुआत प्रेस्टीज प्रबंध संस्थान के एमबीए छात्रों ने इन बच्चो के बीच नाश्ता, मिठाई, और उपहार वितरित करके की। बच्चों ने पटाखे जलाए और अपने साथियों के साथ मिलकर जश्न का आनंद लिया। महापौर और उनकी पत्नी का विशेष समय इन बच्चों के लिए एक अनमोल अनुभव साबित हुआ। महापौर कार्यालय में इन बच्चों के स्वागत से दिन की शुरुआत हुई, जिसके बाद बच्चों ने शहर की डबल-डेकर बस से रोमांचक यात्रा का आनंद लिया। इसके बाद फीनिक्स मॉल में बच्चों ने खेल क्षेत्र की मस्ती और मैकडॉनल्ड्स के स्वादिष्ट बर्गर का आनंद लिया। महापौर और उनकी पत्नी ने प्रत्येक बच्चे को उनकी पसंद की नई पोशाक उपहार में देकर उनके लिए इस दिन को और भी खास बना दिया।

पार्श्व गायिका अनुपमा देशपांडे का भजन भज ले राम रिलीज

इंदौर। लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है तेरी जवानी बड़ी मस्त मस्त है तुम मेरे हों सोहनी चिनाब दे जैसे मधुर गीत गा चुकी अनुपमा देशपांडे की आवाज में मधुर भजन भज ले राम शहर के वरिष्ठ संगीत गुरु पंडित मोहन शर्मा द्वारा संगीत निर्देशक भजन भज ले राम इन दिनों यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। उक्त भजन पंडित मोहन शर्मा द्वारा लिखा गया है इसकी धुन भी पंडित जी ने खुद ही बनाई है और इसको गाया है बॉलीवुड की सुरीली गायिका अनुपमा देशपांडे ने यह गाना एक दशक पहले रिकॉर्ड हो चुका था पर किसी कारण इस गाने को रिलीज नहीं कर पाए इसे अब रिमिक्सिंग कर कर रिलीज किया रिमिक्सिंग बंजारिया रिकॉर्डिंग स्टूडियो पर क्या रोहन वर्मा ने रिमिक्सिंग की वीडियो डायरेक्शन सुरेश वर्मा (बंजारिया) ने किया इस भजन को यूट्यूब चैनल मोहन शर्मा पर देख सकते हैं।

सफाई कर्मी भाई बहनों का दीपावली मिलन समारोह

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बद्रीनाथ जिला माधव नगर सामाजिक समरसता द्वारा बस्ती संयोजकों तथा आयाम प्रमुख द्वारा सफाई कर्मी भाई बहनों का दीपावली मिलन समारोह तथा स्वागत समारोह आयोजित किया गया इसमें नगर निगम वार्ड क्रमांक 32 के लगभग 20 महिला सफाई कर्मी बहन तथा 10 पुरुष सफाई कर्मी भाई उपस्थित रहे,

मुख्य अतिथि माधव नगर के माननीय संघ चालक से महेश जी चौधरी, वक्ता संयोजक जिला बद्रीनाथ सामाजिक समरसता मुकेश परवल, बद्रीनाथ जिला मंच प्रमुख सेवानिवृत्ति सी. एस.पी ठाकुर दौलत सिंह राणावत, सामाजिक समरसता बद्रीनाथ जिला टोली से श्री पूजेश गर्ग माधव नगर के सह कार्यवाह श्री दिनेश जी मंडलोई, माधव नगर सामाजिक समरसता संयोजक रवि सिंहल, मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती कृष्णा बेदी तथा उमा गौतम, माधव नगर विधि संयोजक श्री सत्येंद्र सिंह राजपूत, धर्म जागरण प्रमुख श्री श्री राम तिवारी जी, जन नेता संपर्क प्रमुख श्री यशवंत राव ठानगे, काशी बस्ती संयोजक श्री दिलीप पाटीदार महाराणा प्रताप बस्ती संयोजक हेमंत गढ़वाल, पूर्व पार्षद ठाकुर जितेंद्र सिंह बुंदेला,श्री प्रकाश पोरे, बौद्धिक सह प्रमुख श्री बृजेश जी सोनी, एवं काशी बस्ती के प्रौढ़ प्रमुख ठाकुर जाहर सिंह परमार, काशी बस्ती के बस्ती कार्यवाहक एल. पी. सेन, वंदे मातरम शाखा बस्ती प्रमुख हेमंत दुबे,वंदे मातरम शाखा कारवाह संजय जी शर्मा, गौ सेवा प्रमुख उदय सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

नगर निगम से संजय जी ,श्री विनय एवं श्री गणेश बद्री पाटिल तथा अन्य भाई बहन उपस्थित रहे। बद्रीनाथ जिले के सामाजिक समरसता संयोजक मुकेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है और इसे हम सामाजिक समरसता वर्ष के रूप में मनाएंगे।

सिनर्जी का जोश और उत्साह के साथ समापन

इंदौर। श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव सिनर्जी का समापन बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ हुआ।

इस वार्षिक महोत्सव में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिनमें सलाद डेकोरेशन, रंगोली, नेल आर्ट, मेहंदी, टी-शर्ट पेंटिंग, फैशन शो, फन फेयर, सिंगिंग, डांस, रॉक बैंड, माइम, नुक्कड़ नाटक, फायरलेस कुकिंग और फेस पेंटिंग जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर और अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक ने इस आयोजन की सफलता पर विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान के अध्यक्ष देवेन्द्रकुमार मुछाल ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की की मंगल कामना की और कहा की हमारा यह सिनर्जी कार्यक्रम, प्रतिभा प्रदर्शन, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का अनूठा मिश्रण है ।

मुख्य अतिथि थे संजय कुमार अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, नॉटी फूड्स प्रा. लि., इंदौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में जो भी कार्य हम करते हैं, उसमें कुछ न कुछ सीखने को अवश्य मिलता है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मिताली गोयल ने किया तथा आभार संस्थान के सचिव विष्णु पसारी ने माना।इस समारोह में श्री वैष्णव ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मनीष बाहेती, श्री वैष्णव न्यास के न्यासीगण, विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर, प्रबंधन प्रमुख (पीजी/यूजी) डॉ. मंदीप गिल, डॉ. दीपा कटियाल, प्रशासनिक अधिकारी समर्थ शर्मा, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजन डॉ ममता जोशी, डॉ दीप्ति वर्मा श्री साईदीप श्रीवास्तव ने किया।

विधिक सेवा दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

चौमहला । माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2024-25 के निर्देशानुसार *विधिक सेवा दिवस* के अवसर पर अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ तथा सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चौमहला के मार्गदर्शन में अधिकार मित्र गोपाल लाल द्वारा दिनांक 09/11/2024 को न्याय क्षैत्र चौमहला के ग्राम पाडलिया एवं गुनाई में मनरेगा कार्य स्थल पर *विधिक सेवा दिवस* के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र ने साथ ही नालसा(असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सहायता योजना 2016, एस.सी-एस.टी एट्रोसिटीज एक्ट 1989 एवं श्रमिकों के लिए कल्याणकारी कानूनी सेवाएं, बाल विवाह निषेध कार्यक्रम, निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14.12.2024 के बारे में भी आमजन विधिक जानकारी जानकारी दी।

अंडर ब्रिज का लोकार्पण आज

शामगढ़ (मन्दसौर) । नगर के वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 को जोड़ने वाला एवं लगभग40 से 50 गांवों को सीधा जोड़ने वाला विधायक निधि 8 करोड 52लाख से निर्मितअंडर ब्रिज का लंबे इंतजार के बाद बनकर तैयार हो गया है । जो आज जनता को समर्पित होगा जिसका लोकार्पण सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिंह डंग नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा ।

सिद्धिविनायक मंदिर पर अन्नकूट

मंदसौर। श्री सिद्धिविनायक गणपति उत्सव समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश मंदिर जिला सहकारी बैंक परिसर नई आबादी सुचित्रा टॉकीज के पास मंदसौर पर दिनांक 10 नवंबर रविवार को 06-00 बजे नवम् अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान गणेश जी की महाआरती की जावेगी एंव महाआरती पश्चात अन्नकुट प्रसाद वितरण होगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति उत्सव समिति के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंदवानी एंव सचिव पारस मावर ने समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से आग्रह किया कि अन्नकुट महोत्सव में लाभ लेवें। उक्त जानकारी समिति सह सचिव निलेश जैन ने दी।

महिला सिलाई, ब्युटी पार्लर युवतियों के लिए प्रशिक्षण 15 नवंबर से प्रारम्भ होगा

मन्दसौर । सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, दलोदा रोड मन्दसौर द्वारा 15 नवम्बर 2024 से महिला सिलाई, ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा । इस प्रशिक्षण का लाभ गामीण अंचल की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो को प्रशिक्षण दिया जाएगा । इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण मे आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियां दी जायेगी।प्रशिक्षणार्थी को 4 नये पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, मन्दसौर मे जमा करा सकते है। उक्त प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठावे ।

सेन समाज का प्रतिभा सम्मान, दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न

मन्दसौर। जिला सेन समाज का प्रतिभा सम्मान, दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिले भर से आये सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति में 100 से अधिक प्रतिभाओं का शिक्षा के क्षेत्र, अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, समाज की उन्नति में अपना योगदान प्रदान करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता, समाज के मंदिरों की पूजन अर्चन करने वाले पुजारियों, शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए समाज के बन्धुओं एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान जिला सेन समाज संगठन एवं जिला युवा संगठन के तत्वावधान में मंचासीन मांगीलाल सेन (बिसनिया), रामनारायण चौहान, विष्णुसेन कछावा, मोतीलाल चौहान, वल्लभ देवड़ा, गोवर्धनलाल सेन, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र गेहलोत, रामेश्वर गेहलोत, सुभाष सिसौदिया, मदनलाल सेन, जिला युवाध्यक्ष संजय चौहान, मनीष परिहार, ओमप्रकाश सेन, दिलीप गुजराती, बालकृष्ण पंवार, दीपक राठौर, देवीलाल सेन, अशोक मकवाना, रामकुमार चौहान सहित मातृशक्ति मालती गेहलोत, गरिमा भाटी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज की प्रतिभाऐं शिक्षा ही नहीं वरन सभी क्षेत्रों में स्थापित होकर समाज का नाम गौरवान्वित कर रही है। कठोर परिश्रम से ही सफलता अर्जित की जा सकती है किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे उसके माता-पिता, परिजनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतिथियों ने कहा कि सामाजिक एकता से ही समाज का विकास संभव है सभी को संगठित होकर समाज की प्रगति में अपना योगदान प्रदान करना चाहिये।

आज अम्बे माता मंदिर में भण्डारा

मंदसौर। अंबे माता मंदिर सहकारी बाजार रोड नई आबादी पर विशाल भंडारे का आयोजन रविवार को रखा गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भंडारा 10 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। भंडारे के पूर्व महाआरती का आयोजन होगा, प्रातः 10.00 बजे महाआरती के बाद कन्या पूजन होगा और महाप्रसादी धर्म प्रेमी जनता में वितरित की जाएगी। जय माता दी रुप नई आबादी मंदसौर के सभी सदस्यों ने मंदसौर की धर्म प्रेमी जनता से महा आरती का लाभ लेने व महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की।

इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया गया

मन्दसौर। विश्व रेडियोग्राफी दिवस को जिला चिकित्सालय मंदसौर के सभी रेडियोग्राफर के द्वारा संयुक्त रूप मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोकुल सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित ड़र रोंजन सर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। रेडियोलॉजी एक्सरे जाँच का चिकित्सा विज्ञान के तीसरे नेत्र के साथ कोविड-19 महामारी से जंग में रेडियोलॉजी जांच, चेस्ट एक्सरे, सीटी थोरेक्स का अहम महत्त्व रहा।

इसे विश्व को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र का तीसरा नेत्र व चमत्कारी खोज प्रदान करने वाले महान् विभूति परम् श्रद्धेय विलियम कोनार्ड रोन्जन को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सौरभ मंडवारिया, एक्सरे विभाग प्रभारी डॉ संजय शर्मा, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी, सहायक आरएमओ डॉ आशीष वर्मा, संघ जिला अध्यक्ष मोहनलाल धनगर, प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ मंदसौर के पदाधिकारी व सदस्य ने शत-शत नमन किया गया। डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी ने बताया की चिकित्सा व जनोपयोगी कार्य में इस खतरनाक आयनिक विकिरण के सदुपयोग को देखते हुए इस महान् वैज्ञानिक को 1901 में प्रथम भौतिक नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था परन्तु भारत में दुर्भाग्य से इस खतरनाक आयनिक विकिरण के उपयोग के साथ खतरों व सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भारी कमी है। हमे गर्व है कि राज्य स्तर पर प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ मध्यप्रदेश ने पिछले कई सालों से आयनिक विकिरण खतरों के प्रति जागरूकता विश्व रेडियोग्राफी दिवस के मौके पर संगोष्ठी कर खतरनाक आयनिक विकिरण के खतरे व सदुपयोग के लिए जागरूकता अभियान चलाया है । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोकुल सिँह चौहान, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सौरभ मंडवारिया, एक्सरे विभाग प्रभारी डॉ संजय शर्मा, डॉ आशीष वर्मा डॉ हिमांशु युजुर्वेदी,प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ जिला अध्यक्ष मोहनलाल धनगर, रितु साहू, अजय गंगवाल, प्रदीप मालवीय, धनंजय शाक्य,अनिल शर्मा, दीपक मालवीय, सूरज सांकला एवं जिला चिकित्सालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया

मन्दसौर। क्षेत्रीय पार्षद व नया पीडब्ल्यूडी सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी व शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी की पहल पर वार्ड नं. 6 के दशरथ नगर कार्नर स्थित गोदीपंति बालाजी मंदिर परिसर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने हेतु शिविर लगाया गया है। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को निःशुल्क 5 लाख रू. तक के इलाज की सुविधा मिले इसके लिये यह शिविर लगाया गया है। 8 व 9 नवम्बर को सैकड़ों की संख्या में वृद्धजनों ने अपने परिवारजनों के साथ पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवाये।

भाजपा धुंधडक़ा मंडल की कार्यशाला संपन्न

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा का सपना देखा और उसे साकार भी किया

मंदसौर । भाजपा धुंधडक़ा मंडल की कार्यशाला मंडल मुख्यालय स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर धुधंडक़ा पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, संगठन पर्व मंडल चुनाव सहयोगी पारस मावर, मंडल प्रभारी एंव अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की भाजपा का इतिहास सिर्फ़ एक पार्टी का इतिहास नहीं है वरन यह भारत की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं और विकास की यात्रा का प्रतीक है, भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने राष्ट्र सेवा का सपना देखा और उसे साकार भी किया। हमें गर्व है कि हमने जन-जन की आवाड़ को राजनीतिक मंच पर सम्मान दिया है और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। भाजपा में संगठन का विशेष स्थान है। हमारा विश्वास है कि यदि संगठन मजबूत होगा, तो हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन चुनाव मंडल सहयोगी पारस मावर ने कहा की आपके मंडल के प्रत्येक शक्ति केन्द्र की आगामी 12, 13, 14 नवंबर को कार्यशाला संपन्न हो जाए । 14 से 20 नवंबर के बीच प्रत्येक बूथ की 11 सदस्यीय बूथ समिति का गठन हो । कार्यशाला को मंडल प्रभारी एंव अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन शर्मा ने संबोधित किया ।

मंदसौर में आनंद सभा का आयोजन

मंदसौर । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की व्यक्तित्व विकास कक्षा में डॉ वीणा सिंह द्वारा, आज 09.11.24को आनंद सभा का आयोजन हुआ बी. ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए मदद, पीयर प्रेशर, स्वीकार्यता, अपनी गड़बड़ और जीवन की नदी के पत्थरों को देखना और निकालना अपनी स्वॉट एनालिसिस करना, सकारात्मकता बढ़ाना, जीवन के लक्ष्यों पर आनंदित होकर ध्यान केंद्रित करना आदि विषयों पर चर्चा की। सर्वप्रथम छात्रा हिमांशी ह्राड़ा ने प्रार्थना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ संयोजक डॉ वीणा सिंह ने मदद एवं स्वीकार्यता पर बात की जहां पर अपनी मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक स्थिति को समझकर ,स्वीकार करके किस प्रकार पीयर प्रेशर को हैंडल किया जा सकता।

भानपुरा पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक की बैठक सम्पन्न

भानपुरा (मन्दसौर) । भानपुरा पब्लिक स्कूल में बच्चों के शैक्षणिक और सह शैक्षणिक विकास के लिए अभिभावक शिक्षक की बैठक हुई। विद्यालय में अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। जिन्होंने साथ जुड़ने के लिए समय निकाला। यहां अभिभावकों की उपस्थिति बच्चों की शिक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं और स्कूल की आगामी गतिविधियों के बारे में सूचित करते हुए बच्चो की शैक्षणिक स्थिति के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों के बारे में सकारात्मक टिप्पणियों का साझा करके उनके शैक्षणिक प्रदर्शन और व्यवहार पर चर्चा की गई है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कलाओं को महत्व देते हुए विद्यार्थियों ने हस्तशिल्प कलात्मक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर उत्साह वर्धन दिखाया। संगीत और नृत्य का प्रदर्शन भी हुआ बच्चों की हर क्रियाकलापों को स्मार्ट क्लास के द्वारा बताया गया। प्राचार्या श्रीमती मंदा मटाई ने अभिभावक को बच्चों की एकेडमिक प्रोग्रेस एग्जाम को लेकर उनकी तैयारी व ओवरऑल व्यवहार को लेकर आपस में बातचीत करते हुए उनकी समस्या का समाधान बड़ी सरलता के साथ बताया गया।

पशुपतिनाथ मेला की तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष ने बैठक की, कलेक्टर व एसपी से भी की चर्चा

मन्दसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का 62वां मेला भव्य हो इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व मेला समिति सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी लगातार प्रयास कर रही है। कल नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व मेला समिति सभापति श्रीमती श्रीमती पमनानी ने मेला समिति के सदस्यों के साथ मेला की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मेला समिति के सभापति व सदस्यों को साथ ले जाकर मेला आयोजन को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग व एसपी श्री अभिषेक आनन्द से चर्चा की और मेला के आयोजन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों का जो सहयोग हर वर्ष मेला के आयोजन में मिलता रहा है उस संबंध में कलेक्टर श्रीमती गर्ग व एसपी श्री आनन्द को अवगत कराया और इस वर्ष भी प्रशासन का पूरा सहयोग नपा को मिले, इसको लेकर कलेक्टर व एसपी के साथ आवश्यक चर्चा भी की।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व मेला समिति सभापति श्रीमती श्रीमती पमनानी ने नपा कार्यालय में मेला समिति के सदस्यों के साथ मेला आयोजन को लेकर समिति की बैठक की। बैठक में मेला समिति लिपिक राजेन्द्र नीमा ने अवगत कराया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये जो टेंडर आमंत्रित किये गये थे वे टेण्डर नपा को ऑनलाईन प्राप्त हो गये है। पारदर्शी तरीके से देश व प्रदेश के आर्गेनाईजरों ने इस टेण्डर प्रक्रिया में सहभागिता की है। मेला के लिये कलाकारो के रेट आ गये है। इनका तुलनात्मक अध्ययन हो रहा है। प्रभारी राजस्व अधिकारी मंगेशराव नवले में अवगत कराया कि नपा में कुल 636 अस्थायी दुकानें लगायी जाना है जिसमें मनिहारी, होटल, रेस्टोरेंट, झूले चकरी, जनरल आइटम की दुकाने शामिल है। नपा को 313 दुकानों के सीलबंद आफर मिले है शेष बची 323 दुकानों के लिये पुनः निविदा आमंत्रित की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 9 नवम्बर 2024 नियत की गई है। मेला अधिकारी व कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस. धारवे ने मेले की अन्य व्यवस्थाओं से समिति को अवगत कराया। बैठक में मेला समिति सदस्यगण दीपक गाजवा, ईश्वरसिंह चौहान एड., रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, दिव्या अनूप माहेश्वरी, संगीता शैलेन्द्र गोस्वामी, माया भावसार उपस्थित थे।

मंदसौर विधानसभा की पांच पंचायतो में बनेंगे नवीन पंचायत भवन - विधायक श्री जैन

मंदसौर । विधानसभा क्षेत्र मंदसौर के अंतर्गत नवगठित पांच पंचायतो में गुराडिया लालमुहा, भूकी, हैदरवास, पिपलखेड़ी ,दमदम मे नवीन पंचायत भवनो का निर्माण होगा । ज्ञात हो कि मंदसौर विधानसभा में विगत समय पांच नई ग्राम पंचायतो पंचायतो का गठन हुआ था परंतु पंचायत भवन नहीं होने से कार्यालयीन कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों द्वारा भी लगातार पंचायत भवनों की

स्वीकृतियों की मांग की जा रही थी उक्त आशय से क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा लगातार पत्राचार के माध्यम से नवीन पंचायत भवनो की स्वीकृतियों की मांग की जा रही थी उक्त ग्राम पंचायत में नवीन पंचायत भवन की स्वीकृतियां प्राप्त होने पर क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव,उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया है ।

राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती कीर्ति सक्सेना का सम्मान किया

मंदसौर । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की शिक्षिका श्रीमती कीर्ति सक्सेना को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने पर मंदसौर जिले का नाम गौरवान्वित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मंदसौर में जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी ने श्रीमती सक्सेना का सम्मान किया इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आपको आदर्श शिक्षक बताते हुए अन्य शिक्षकों से भी अपील की है कि आप भी शिक्षा के क्षेत्र में मंदसौर जिले को प्रदेश का आदर्श जिला स्थापित करने में सहयोग प्रदान करें । कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक श्रीमती टैरेसा मिंज ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री आनंद डाबर, श्री धर्मपाल सिंह देवड़ा प्राचार्य ,श्री सुदीप दास प्राचार्य,श्री दिलीपसिंह डाबी प्राचार्य , प्राचार्य श्री राजेश मिश्रा ,जिला परियोजना समन्वय कार्यालय से श्री भगवती शर्मा ,राज्य शिक्षक संघ के श्री दिनेश शुक्ला ,श्री चंद्र विनोद सेंगर श्री राकेश पुरोहित श्री अशोक शर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, श्री जयेश नागर ,श्री लक्ष्मी नारायण पाटीदार , श्री सुनिल धनोतिया, श्री हरि सिंह राठौड़, सुरेंद्र भावसार, नयन परमार, सुश्री सलमा शाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंदसौर में जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित - 100 से अधिक लोग पहुंचे

मंदसौर । मंदसौर जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम पर शनिवार को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसपी अभिषेक आनंद, एएसपी गौतम सोलंकी और उन थानों के टीआई भी मौजूद रहे, जिनकी शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर लंबित हैं। सुबह से शुरू हुआ शिकायतों के निस्तारण का सिलसिला शाम तक जारी रहा।

इससे पहले शुक्रवार (8 नवंबर) को जिले के सभी थानों में कैंप लगाकर सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का निवारण किया गया था। जो शिकायतकर्ता असंतुष्ट थे, उन्हें आज पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित शिविर में बुलाया गया। जिसमें करीब 100 से अधिक लोग पहुंचे, जिनकी शिकायतों को सुन उनका निवारण करने का प्रयास किए गए। इसमें कई लोगों ने सन्तुष्ट होकर सीएम हैल्प लाइन पर की गई शिकायतों को वापस ले लिया। एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि जन शिकायत निवारण शिविर लगाया गया था। इसमें करीब 100 लोगो की शिकायतों को सुना गया। वहीं, 65 लोगों ने पुलिस की कार्रवाई से सन्तुष्ट होकर सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों को वापस ले लिया हैं।

कातना गांव के तीन किसानों के खलिहान में रखी मक्का फसल की पिंडियां जलकर खाक

भानपुरा (मन्दसौर) । तहसील क्षेत्र के पठार वन क्षेत्र में स्थित ग्राम कातना में शुक्रवार की दरमियानी रात्रि में खलिहान में रखी मक्का फसल पिंडियों में अज्ञात कारण के चलते आग लग जाने से मक्का फसल पिंडिया जलकर राख हो गई। सूचना पर 100 डायल एवं नगर परिषद भानपुरा की अग्निशमन मौके पर पहुंची एवं मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार 8 नवंबर को ग्राम कातना में केसरीलाल चारण के खलिहान में रखी मक्का फसल पिंडियों में अज्ञात कारण के चलते रात्रि करीब 12.30 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया एवं समीप के खलिहान में बगदीराम मेघवाल एंव अमरलाल चारण की मक्का फसल पिंडियों को भी आग ने चपेट में ले लिया एवं आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों द्वारा आग को काबू करने के लिए काफी प्रयास किए जाने के बाद भी आग काबू में नहीं आई। एवं दोनों खलिहानों में मक्का फसल पिंडिया जलकर राख हो गई। सूचना के तत्काल बाद 100 डायल एवं नगर परिषद भानपुरा की अग्निशमन मौके पर पहुंची एवं मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

प्रभावित किसान केसरीलाल चारण, बगदीराम मेघवाल, अमरलाल चारण ने बताया कि खेतों से काटकर मक्का फसल पिंडिया खलिहान में लाकर रखी हुयी थी। अज्ञात कारण के चलते आग लग जाने से मक्का फसल पिंडिया पूरी तरह से जलकर राख हो गई। करीब 12 ट्राली मक्का फसल पिंडिया जलकर राख हुई है। इसके चलते बड़ा आर्थिक नुकसान हो गया है। तीनों प्रभावित किसानों ने मांग की है कि मक्का फसल पिंडिया जलकर राख होने से बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है मौका पंचनामा बनाया जाकर सहायता की मांग की है।

तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि आग की घटना को लेकर संबंधित पटवारी को निर्देशित किया जा रहे हैं। मौका पंचनामा बनाकर नियमानुसार जो भी सहायता संभव होगी मिलेगी।

दर्शक वास्तविक किरदार देखना चाहते हैं

जयदीप सिंह, जो वर्तमान में इस इश्क का रब रखा में नजर आ रहे हैं, का मानना है कि आज दर्शक ऐसे किरदार और कहानियों की तलाश करते हैं जिनसे वे जुड़ सकें।उन्होंने कहा, वास्तविक जीवन की कहानियों को लाने और उन्हें प्रामाणिक रूप से चित्रित करने का चलन मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। आज दर्शक ऐसी कहानियों की सराहना करते हैं जो वास्तविकता पर आधारित हों और अधिक प्रासंगिक महसूस हों।, दर्शक अब ऐसे किरदारों की तलाश करते हैं जिनसे वे व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ सकें। वे आदर्श या रूढ़िवादी चित्रणों के बजाय अधिक वास्तविक जीवन के, संबंधित किरदार देखना चाहते हैं।

करण गुलियानी बनायेंगे गैंगस्टर संदीप और अनुराधा पर फिल्म

निर्देशक-लेखक करण गुलियानी ने गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनुराधा चौधरी उर्फ मैडम मिंज की जीवन कहानी बताने के अधिकार हासिल किए हैं। इस बारे में बात करते हुए करण कहते हैं, हां, मैंने दो प्रसिद्ध हस्तियों- काला जठेड़ी और अनुराधा चौधरी के जीवन को चित्रित करने के अधिकार हासिल किए हैं। मुझे अपराध की पृष्ठभूमि के बीच उनकी प्रेम कहानी ने आकर्षित किया। यह दो व्यक्तियों के बारे में है, जिन्होंने बहुत ही अपरंपरागत वातावरण में प्यार पाया और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद शादी करने का फैसला किया। कहानी का सार प्रेम है।

मेरी सफलता में जनता की अहम भूमिका

अभिनेत्री रविरा भारद्वाज कहती हैं कि जब कलाकारों की बात आती है, तो जनता की राय, उनकी पसंद और नापसंद ही आपको दूसरों से अलग करती है। उनका कहना है कि यह सच्चाई कठिन है, लेकिन अब उन्होंने इसे स्वीकार करना सीख लिया है।ःलोगों की नजरों में करियर बनाना उत्साह और कमजोरी दोनों लाता है। मेरी सफलता में जनता की राय अहम भूमिका निभाती है, और यह सच्चाई कई तरह की भावनाओं के साथ आती है। एक अभिनेता के तौर पर, मेरा काम लगातार जांच के दायरे में रहता है, और दर्शक मेरे प्रदर्शन और प्रोजेक्ट के चुनाव को किस तरह देखते हैं, इसका मेरे करियर पर काफी असर पड़ सकता है। यह सच्चाई कि जनता की राय मेरे करियर को ऊपर उठा सकती है या चुनौती दे सकती है, मेरे अंदर एक अलग पहचान पैदा करती है।

भारतीय नौसेना का बहुत सम्मान करते हैं अमिताभ

शो कौन बनेगा करोड़पति जूनियर्स में 8 से 15 साल के प्रतिभाशाली लिटिल वंडर्स शामिल होंगे। उनमें से एक हैं असम की त्रिती रांझणा, बड़े सपने देखने वाली और समर्पित भावना वाली युवती। जैसे-जैसे त्रिती गेमप्ले में उत्कृष्ट होती जाती हैं, वह देश के प्रति अपने जुनून और भारतीय नौसेना में शामिल होने के अपने सपने को साझा करती है। । श्री बच्चन ने उनकी महत्वाकांक्षा को बढ़ाते हुए बताया कि वह भारतीय नौसेना का कितना सम्मान करते हैं- बहुत से लोग भारतीय नौसेना के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। हाल ही में, मुझे नौसेना के कुछ हाई रैंकिंग अधिकारियों से मिलने का सौभाग्य मिला, जिन्होंने नौसेना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मदद मांगी थी। मैंने उनकी डॉक्यूमेंट्री में अपनी आवाज़ भी दी है।

भावना शो दीवानियत में शामिल

भावना अनेजा जल्द ही दीवानियत में दिखाई देंगी। उन्होंने कहा, मेरा आखिरी शो स्टार भारत पर धीरे धीरे से था, जहाँ मैंने एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। उसके बाद, मैंने श्रीमद रामायण की, जहाँ मैंने सुमित्रा रानी की भूमिका निभाई। धीरे धीरे से मेरे लिए बहुत खास था क्योंकि इसने मुझे इंडस्ट्री में पहचान दिलाई। मैंने विद्या चाची का किरदार निभाया, जिससे मुझे बहुत ध्यान मिला। दीवानियत एक असामान्य शब्द है जिसे आप रोजमर्रा की जिंदगी में अक्सर नहीं सुनते हैं। मैं इस शो को लेकर उत्साहित हूँ, क्योंकि मैं नायिका की माँ गीता मलिक का किरदार निभा रही हूँ। मेरा किरदार एक पारंपरिक हरियाणवी महिला, एक प्यारी माँ और एक देखभाल करने वाली पत्नी का है।

ए रियल एनकाउंटर

ए रियल एनकाउंटर 15 नवंबर को देशभर में रिलीज़ होने जा रही है, जो एक सच्ची घटना पर आधारित पुलिस एनकाउंटर की कहानी को पेश करेगी। सबीर शेख द्वारा निर्देशित और प्रदीप चुड़ीवाल के मैकनील इंजीनियरिंग लिमिटेड बैनर के तहत निर्मित इस फिल्म में शाहबाज़ खान ने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की भूमिका निभाई है। फिल्म की प्रमुख कास्ट में शाहबाज़ खान, एहसान खान, मुश्ताक खान, रज़ा मुराद, अली खान, हिमायत आलम अली, अखिलेश वर्मा, ब्रतूति गांगुली, अनिल नागरथ, राकेश पुजारा, संगीता सिंह, ऋषिकेश तिवारी, अमृत दुजारी और कलीम अख्तर जैसे कलाकार शामिल हैं।

रंजिनी अच्छा जी मैं हारी पर मंत्रमुग्ध कर देंगी

शो, 'इंडियन आइडल सीज़न 15' में, टॉप 15 में जगह बनाने के लिए होगी प्रतियोगियों की तकरार; लेकिन आइडल के मल्टीवर्स की रानी - रंजिनी अच्छा जी मैं हारी पर भावपूर्ण परफ़ॉर्मेंस देकर और समय यात्रा व मानसिक सेहत पर अपने गहन व्यक्तिगत विचारों से मंत्रमुग्ध कर देंगी। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और मेहमान जज नीति मोहन के समर्थन से, रंजिनी ने एक विचारोत्तेजक चर्चा करते हुए पूछा, अगर आप लोग टाइम ट्रैवल कर सकते तो कहां जाना चाहते? जवाब में, विशाल ने बताया कि , अगर जाना ही है तो मैं आगे जाऊंगा, क्योंकि पीछे जाके कोई फ़ायदा नहीं होता। , श्रेया ने अपने बचपन को फिर से देखने की चाहत ज़ाहिर की, साथ ही अपने घर और परवरिश की यादों को फिर से जीने की इच्छा के बारे में बताया। नीति के जवाब ने और ज़्यादा दार्शनिक मोड़ लिया, क्योंकि उन्होंने समय यात्रा को पैरेलल यूनिवर्स की अवधारणा से जोड़ा। हालांकि, सबसे दिल छूने वाला पल खुद रंजिनी का था। उन्होंने 14 अक्टूबर, 2014 की तारीख पर वापस जाने की इच्छा व्यक्त की, जिस दिन उनके पिता का देहांत हुआ था। मैं वहां जाके उनको हग करके बोलना चाहूंगी, हमें आप पर बहुत गर्व है और हम आपके साथ हैं।

शो शैतानी रस्में के 250 एपिसोड

शो शैतानी रस्में ने 250 एपिसोड पूरे कर एक शानदार उपलब्धि हासिल की है! इस बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए पूरी टीम सेट पर इकट्ठा हुई, केक काटा और इस खास पल को साथ मिलकर सेलिब्रेट किया। ऐसे में इस जश्न में शामिल कलाकारों ने अपने उत्साह को साझा करते हुए कई खास बातें बताई ! मुख्य अभिनेता सिद्धांत इस्सर ने कहा, मैं इस वक्त बेहद रोमांचित महसूस कर रहा हूं! शो में कई कलाकार बदले हैं, लेकिन जो पुराने और नए कलाकारों का मेल है, उसे दर्शकों का इतना प्यार मिलना वाकई अद्भुत है। अभिनेत्री सुमित सिंह ने कहा, इस शो का हिस्सा बनना और दर्शकों से इतना सारा प्यार मिलना सच में मेरे लिए बहुत खास है!

कमल हासन की विरासत का जश्न

कमल हासन के जन्मदिन पर, उनकी 234वीं फ़िल्म, ठग लाइफ़ के निर्माताओं ने टीज़र और रिलीज़ की तारीख का खुलासा करके उत्साह की लहर जगा दी । ठग लाइफ़ सिनेमा की एक बड़ी फिल्म है, जो भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों - निर्देशक मणिरत्नम और महान कमल हासन - के बीच नायकन और पोन्नियिन सेल्वन डुओलॉजी में उनके प्रसिद्ध काम के बाद तीसरी बार सहयोग कर रही है। रत्नम के दूरदर्शी निर्देशन, ए.आर. रहमान के शानदार संगीत और हासन के बेजोड़ कौशल के साथ, दर्शकों को एक शानदार एक्शन फिल्म के ज़रिए एक अविस्मरणीय सवारी का अनुभव होगा।

प्रियांग्शु और बिस्वरूप का म्यूज़िकल बॉन्ड

शो, 'इंडियन आइडल सीज़न 15' के थिएटर राउंड में शानदार संगीतमय मुकाबला पेश करने वाली, ऐसी ही एक जोड़ी है 'आइडल का फीलवाला परफ़ॉर्मर' - प्रियांग्शु और 'आइडल की लूप वाली आवाज़' - बिस्वरूप। प्रियांग्शु एक स्टाइलिश टच के साथ आए हैं, जिन्होंने एक जैकेट पहनी थी जो उन्हें ऑडिशन के दौरान बादशाह ने तारीफ के तौर पर उपहार में दी थी। प्रियांग्शु ने बताया कि कैसे उनके रूममेट बिस्वरूप के साथ उनका रिश्ता गुरु-शिष्य के रिश्ते में बदल गया है, जहां बिस्वरूप ने एक अप्रशिक्षित सिंगर के रूप में उनके कौशल को निखारने में उनकी मदद की। मेहमान जज नीति मोहन ने इस बॉन्ड को खूबसूरती से व्यक्त करते हुए कहा, प्रियांग्शु आपकी तारीफ कर रहे थे, बिस्वरूप, कि कैसे उन्हें इतने कम समय में आप में एक भाई मिल गया है। यह वाकई सराहनीय है।

यह भूमिका मैंने पहले कभी नहीं निभाई



अभिनेता ईशान सिंह मन्हास को आखिरी बार सोनी लिव की सीरीज़ रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में देखा गया था। अब, वह नए नाटक दिल को तुमसे प्यार हुआ में एक बार फिर हमारी स्क्रीन पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया, यह भूमिका मैंने पहले कभी नहीं निभाई है। स्क्रिप्ट और कॉन्सेप्ट अद्वितीय है, और स्टार प्लस पर होना - एक ऐसा चैनल जिसके साथ मैंने कई बार काम किया है - इसे और भी रोमांचक बनाता है। इस सीरीज़ में, ईशान ने सिद्धार्थ ओसवाल का किरदार निभाया है, जो एक प्रसिद्ध कवि हैं, जिनका काम महिला नायक से मिलता-जुलता है, जो उनकी कविताओं की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं।

मां का हॉस्पिटल से घर लौटना, सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट

शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा के लिए इस बार दिवाली भावनाओं का एक जटिल सफर साबित हुआ। जहां इस बार वो अपनी माँ के अस्पताल में भर्ती होने के कारण उनके पास रहकर उनकी सेहत के लिए दुआ कर रही थीं। गीतांजलि ने कहा, ''यह दिवाली मेरे लिये काफी इमोशनल रही। जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले मुझे सबसे प्यारी खबर मिली -माँ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। वो पल मैं कभी नहीं भूलूंगी जब वो घर लौटीं। उनकी मौजूदगी से घर में फिर से वही रौनक और खुशियाँ लौट आईं, और ऐसा लगा जैसे दिवाली सच में अब जाकर पूरी हुई हो, हर तरफ रोशनी और खुशियाँ बिखर गईं।''

राग दरबारी

जुमले तो रहेंगे, नेता आएंगे-जाएंगे

आसान भाषा में कहें तो जुमले 'वो बड़े-बड़े वादे होते हैं जो कभी पूरे नहीं होते।% देश की राजनीति में जुमले सबसे चमकीले गहने बने हुए हैं। राजनीति का पूरा संसार इन्हीं जुमलों पर टिका है। जुमला शब्द का इस्तेमाल मूल रूप से अरबी से हुआ, जिसका मतलब होता है, 'एक समूह या संगठित बात'। पर हमारे नेताओं ने इसे एक नई ही ऊंचाई पर पहुंचाया है- वादों के समूहों का ऐसा जाल जिसमें जनता उलझती ही जाए। जब कोई नेता माइक पकड़ता है और कहता है, ÷हमारी सरकार आएगी तो सभी घरों के सब कमरों में रोशनी होगी, हर खेत में पानी का बंबा होगा, हर हाथ में फर्स्ट क्लास सरकारी नौकरी होगी।÷ जनता झूम उठती है, तालियां बजती हैं, लोग नारे लगाने लगते हैं। फिर चुनाव खत्म, तालियां खत्म और जनता फिर वही- अंधेरे में, खेत सूखे और हाथ खाली। इसे कहते हैं- जुमला।

भारत में राजनीति और जुमलों का संबंध ऐसा है जैसे क्रिकेट और चौके-छक्के। कोई चुनाव आता है, तो जुमलों की गूंज हर नुक्कड़-चौराहे पर सुनाई देने लगती है। हर कोई नेता अपने मन के पिटारे से नया-नया जुमला निकालकर जनता पर फेंकता है। एक कहता है, हम तो हर वोटर को 5000 रुपए महीना देंगे, दूसरा कहता है, हम मुफ्त रोटी देंगे। एक और आता है और कहता है, हम तो हाथों-हाथ सब कुछ मुफ्त दे देंगे! अब जनता चक्कर गिन्नी खाकर सोचती है, अरे भाई! ये इतना सब फ्री में दे रहे हैं, तो हमें इन्हें चुनने में क्या हर्ज है?

लेकिन साहब! असली खेल तो चुनाव जीतने के बाद शुरू होता है। फिर ये नेता आपको बड़े प्यार से समझाते हैं, ÷देखिए, चुनावी वादा तो था, पर सरकारी खजाना खाली है। थोड़ा धीरज रखिए, सब होगा।÷ ये धीरज जनता में चुनावों से चुनावों तक जारी रहेगा। जुमलों से हमारे समाज में विविधता में एकता जैसी भावना आ जाती है। हर वर्ग, हर जाति, हर समुदाय एक हो जाता है, उस एक नेता को चुनने के लिए जिसने सबसे बड़ा जुमला फेंका हो।

नेताओं में कंपटीशन रहता है कि कौन सबसे बड़ा और नया जुमला फेंक मारे। चुनावों के बाद जब वादे हवाई हो जाते हैं, तो जनता फिर से पुराने मतभेदों पर लौट आती है, मानो कह रही हो, भाई, इस बार भी हमें चूना लग गया! वैसे तीन शब्दों के षड्यंत्र चुनाव में पहले दो शब्द तो चूना ही आते हैं।

भारतीय संस्कृति में जुमलों की एक सुदृढ़ परंपरा है। हमारी दादी-नानी हमें कहानियां सुनाती थीं, वैसे ही हमारे नेता हमें चुनावी मौसम में वादों की कहानियां सुनाते हैं। गारंटी की लोरियां सुनाते हैं। जुमले अब चुनावी सांस्कृतिक अनुष्ठान बन चुके हैं। बाकी देश पढ़ाई, विज्ञान और शोध में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं हम विकास की गंगा बहाएंगे, देश को सोने का हाथी बना देंगे, चांद पर चढ़ने के लिए सोने की सीढ़ी लगा देंगे, जैसे जुमलों का आनंद ले रहे हैं। चुनावी वक्त में हर गली-नुक्कड़, मोहल्ला-मकान 'जुमला शो' का मंच बन जाता है।

जुमलों का इतिहास व भूगोल को देखते हुए स्पष्ट है कि राजनीति में इसकी महत्ता हमेशा बनी रहेगी। नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन जुमले सदाबहार रहेंगे। नेता हर बार इस जुमलेबाज़ी की कला में ज्यादा निपुण होते जाएंगे।

रामविलास जांगिड़,18, उत्तम नगर, घूघरा,

पं. धीरेंद्र शास्त्री को दिग्विजय सिंह की सलाह की आवश्यकता नहीं - उषा ठाकुर

इन्दौर। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री को दी गई सलाह पर महू विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री उषा ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते कहा है कि धीरेंद्र शास्त्री को दिग्विजय सिंह की सलाह की आवश्यकता नहीं है और बागेश्वर धाम के प्रति लोगों की अपनी आस्था है।

ठाकुर ने कहा कि कुंभ में कोई भी गैर हिंदू शामिल न हो, उन पर रोक लगनी चाहिए। आने वाले समय में इस पर ध्यान दिया जाएगा और कड़े कदम उठाए जाएंगे। बता दें कि दी है। हाल ही में दिग्विजय सिंह ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि जो लोग सनातन धर्म की बात करते हैं, उन्हें स्वामी प्रेमानंद जी के सनातन पर दिए गए व्याख्यान को पढ़ना चाहिए।

कटाक्ष

झूठ के पुलिंदे

बढ़ गया माइकों पर शोर
हर गले का है अपना ज़ोर
कीचड़ उछाल रहे हैं सारे
जनता जिसमें हो गई सराबोर

झूठों के पुलिंदे वे फेंक रहे हैं
बस गर्दभों जैसे वे रेंक रहे हैं
जलाकर सपने सारे लोकतंत्र के
इस भरी ठंड में खुद को सेंक रहे हैं

सफेद लिबास उनकी जुबान काली है
खुद के लिए खुदा बाकियों के लिए गाली है
मुश्किलें परेशानियां मुफलिसी दे रहे हैं
तुर्रा ये है उनका सारे वतन में खुशहाली है

उनके लिए उनके चमचे बजाते हैं तालियां
करते जप तप उनकी सजाते पूजा की थालियां
वरदान के बदले वे रेवड़ियां बांट रहे है कब से
भक्त काढ़ रहे कबसे उनके कसीदे की कव्वालियां

बढ़ रहा है समस्याओं का खरगोश देखिए
बैरियों को लताड़ने में जाता उनका जोश देखिए
जब भी तरक्की और अच्छाई की बात पूछें उनसे
बड़बड़ाती जुबान तुरत हो जाती खामोश देखिए

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
(आंध्र प्रदेश)

विजयपुर में जातियां तय करेंगी जीत-हार

मतदाताओं का मूड भांपते ही भाजपा-कांग्रेस का जातिगत समीकरणों को साधने पर फोकस

इंदौर। मप्र की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। सबसे रोचक मुकाबला श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर है, क्योंकि यहां प्रदेश सरकार के मंत्री रामनिवास रावत मैदान में हैं। विजयपुर में भले ही भाजपा विकास और कांग्रेस गद्दार के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है, मगर जातिगत समीकरण चुनाव पर हावी है। यही वजह कि दोनों पार्टियों ने भी अब जातिगत समीकरणों को साधने पर फोकस बढ़ा दिया है। दरअसल, यहां जातियां ही जीत-हार तय करेंगी।

विजयपुर में कुल 11 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से मप्र सरकार में वन मंत्री रामनिवास रावत, कांग्रेस से मुकेश मल्होत्रा, भारत आदिवासी पार्टी से नेतराम सहरिया, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से भारती पचौरी, राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी से मंजू आदिवासी और 6 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। पिछले 14 चुनाव के नतीजों को देखें तो कांग्रेस ने 7 चुनाव जीते हैं और भाजपा ने केवल 3 चुनाव जीते हैं। यानी परंपरागत रूप से ये सीट कांग्रेस की है।

जातियों में बंटे मतदाता

कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा के समर्थन में आदिवासी और कुशवाह समाज के लोग लामबंद दिखाई दे रहे हैं। भाजपा ने पिछली बार के उम्मीदवार सीताराम आदिवासी को सहरिया प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाकर इन्हें साधने की कोशिश की है। बसपा की तरफ से कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है इससे जाटव समुदाय का वोट निर्णायक हो गया है। विजयपुर में आदिवासी वोटर्स की संख्या करीब 60 हजार है। ये यहां के निर्णायक मतदाता हैं। पिछले चुनाव तक आदिवासी वोटर्स का झुकाव कांग्रेस की तरफ रहा है। रामनिवास रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने सहरिया आदिवासी समुदाय से आने वाले मुकेश मल्होत्रा को टिकट दिया।

वे सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रहे हैं। हालांकि विजयपुर का आदिवासी वोटर कांग्रेस का साथ देता आया है। जब रामनिवास रावत कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते थे, तब उन्हें आदिवासियों का सपोर्ट मिलता रहा है। जब से भाजपा ने भी आदिवासी चेहरे को टिकट देना शुरू किया तब से कांग्रेस को टफ फाइट मिलने लगी है। 2008 में भाजपा ने सीताराम आदिवासी को टिकट दिया था तो रावत की जीत का मार्जिन घट गया था। इससे पहले 2003 के चुनाव में रामनिवास रावत ने भाजपा के बाबूलाल मेवड़ा को 18 हजार वोटों से हराया था। इसके बाद 2013 में सीताराम आदिवासी ने जीत का मार्जिन घटाकर 2 हजार वोट कर दिया था।

दस साल बाद 2018 में सीताराम आदिवासी को रावत को पटखनी देने में कामयाबी मिली, लेकिन उनकी जीत का अंतर भी करीब 2 हजार वोटों का ही रहा था। शर्मा कहते हैं कि भाजपा ने जो प्रयोग किया अब कांग्रेस ने वही प्रयोग मुकेश मल्होत्रा को टिकट देकर किया है। पिछला चुनाव मुकेश मल्होत्रा ने निर्दलीय के तौर पर लड़ा था और उन्हें 44 हजार वोट मिले थे।

विकास बनाम बिकाऊ

उपचुनाव में भाजपा विकास पर जोर तो कांग्रेस बिकाऊ बनाम टिकाऊ का नारा देरही है। रामनिवास रावत के भाजपा में शामिल होने और मंत्री बनने के बाद विजयपुर में 400 करोड़ से ज्यादा के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हो चुका है। चुनाव की घोषणा होने से पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विजयपुर के वीरपुर में चंबल नदी पर मप्र राजस्थान के बीच पोंटून पुल (ड्रमों के ऊपर तैरता पुल), सरकारी कॉलेज और सिविल अस्पताल बनाने की घोषणा कर चुके हैं। भाजपा का कहना है कि रामनिवास रावत ने विकास के मुद्दे पर ही पार्टी छोड़ी है। कांग्रेस पार्टी उन्हें सम्मान भी नहीं दे रही थी।

अब वे भजापा में हैं तो विजयपुर में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां बिकाऊ वर्सेस टिकाऊ का नारा दिया है। कांग्रेस चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार पर सीधे हमलावर है। हर सभा में कांग्रेस की तरफ से आरोप लगाए जा रहे हैं कि रावत 6 बार विधानसभा का चुनाव कांग्रेस में रहते जीते, लेकिन उन्होंने मंत्री पद के लिए विजयपुर की जनता से धोखा किया।

सरकार चुनाव प्रचार और इवेंट्स में व्यस्त, किसान खाद के लिए हो रहे परेशान

मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

इंदौर। मध्य प्रदेश में खाद संकट को लेकर राजनीति गरमा रही है। पूर्व सीमए कमलनाथ ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार किसानों को राहत देने की बजाय चुनाव प्रचार और इवेंट्स में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान खाद के लिए परेशान है, लेकिन राज्य सरकार इस संकट को हल करने में नाकाम है।

पूर्व सीएम कमलनाथ ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश का किसान खाद की कमी से जूझ रहा है। जबकि सरकार चुनाव प्रचार और इवेंट्स में व्यस्त है, किसानों को राहत देने कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के गृह जिले में भी खाद का संकट है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान पूरी-पूरी रात जागकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि सरकार इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

कमलनाथ ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण खाद की आपूर्ति मांग के मुकाबले बहुत कम रही है, जिससे किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है।

उन्होंने सीहोर जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के गृह जिले में ही खाद

संकट है, जिससे पूरे प्रदेश और देश के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। डबल इंजन सरकार का नारा अब पूरी तरह से बेमानी हो चुका है। अब यह डबल बर्बादी का रूप ले चुका है।

कमलनाथ ने सीएम डॉ मोहन यादव से सवाल किया कि- खाद का संकट कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है। यह आपकी सरकार की अनदेखी और कृषि विभाग की अधूरी तैयारियों का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के लिए पर्याप्त खाद और बीज की समय पर व्यवस्था करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का होता दायित्व है कि किसानों के लिए खाद-बीज की व्यवस्था समय से पहले करे, ताकि मांग और आपूर्ति का संतुलन बना रहे।

उन्होंने कांग्रेस की ओर से लगाए गए खाद संकट के आरोपों को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि सरकार बीते साल के मुकाबले इस साल खाद का ज्यादा आवंटन होने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

मंत्री तोमर बताएं कौन चुरा रहा उनकी सरकार में प्रसूताओं के लड्डू?

इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने मोहन सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को बधाई दी है कि उन्होंने खुद स्वीकार किया कि अस्पतालों में प्रसूताओं को दिए जाने वाले दो लड्डू में से एक गायब हो जाता है। यानि 50 पर्सेंट भ्रष्टाचार की इसी परंपरा के चलते आदिवासी क्षेत्रों में 20 साल बाद भी कुपोषण दूर नहीं हो पा रहा है।

विजयपुर से लेकर शिवपुरी तक लाखों आदिवासी परिवार इस 50 पर्सेंट घोटाले के शिकार हैं। कांग्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने मांग की कि सरकार यह जांच कराये कि प्रसूताओं के लड्डू पर डाका डालने वाले कौन हैं और सरकार 20साल से उन्हें बर्दाश्त क्यों कर रही है?

कांग्रेस ने मोहन सरकार पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

आदिवासियों के पोषण की चोरी में लिप्त है सरकार

गौरतलब है कि मोहन सरकार के ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिले के करेरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गत रात औचक निरीक्षण किया था।

शुक्रवार आधी रात को प्रभारी मंत्री तोमर जिले की करैरा विधानसभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल में फैली गंदगी और

ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी नदारद रहे। स्वास्थ्य केन्द्र के हालातों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

प्रभारी मंत्री ने इमरजेंसी रूम के अंदर ड्रेसिंग सामग्री ना होने, ड्यूटी डॉक्टर के नदारद होने के साथ ही डिलीवरी के बाद शासन द्वारा प्रसूताओं को दिए जाने वाले 2 लड्डू की जगह 1 लड्डू दिए जाने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने सवाल किया कि आखिर दूसरा लड्डू कौन खा रहा है? उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

इस बीच उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मामले को लेकर अब कांग्रेस ने मोहन सरकार को घेरने का काम किया है। कांग्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने जहां ऊर्जा मंत्री तोमर को सच उजागर करने के लिए बधाई दी वहीं उन्होंने भ्रष्टाचार मामले पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। मामले की जांच करने की मांग भी उन्होंने की है।

मुख्यमंत्री को लेकर महाराष्ट्र में छिड़ा था महासंग्राम

इसी बीच शाह के बयान ने मचा दी उथल-पुथल

पिंपरी चिंचवड़। महाराष्ट्र में महायुति यानी भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। तीनों ही दलों में राज्य के मुख्यमंत्री को लेकर संशय है। सीएम बनने का सपना सभी के मन में है। इसके लिए अंदरुनी तौर पर उठापटक भी चल रही है। अपने अपने सियासी दांवपेंच आजमाय जा रहे हैं।

इसी महासंग्राम के बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कह दिया के महायुति को जिताओ, फडनवीस को जिताओ।

इस राज्य के राजनैतिक दलों में हड़कंप मच गया है। शाह ने महाराष्ट्र की एक रैली में मुख्यमंत्री पद को लेकर संकेत दिया है। इस मुद्दे पर बहस जारी है। अमित शाह ने जैसे ही फडणवीस का नाम लिया, महाराष्ट्र की सियासत में खलबली मच गई।

महायुति की सरकार बनने पर अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर सस्पेंस है। मगर गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को संकेत दे दिया। उनके बयान के जो मायने निकल कर सामने आए हैं, उससे साफ लग रहा है कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। अमित शाह ने सांगली जिले के शिराला में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'डेढ़ महीने पहले मैंने महाराष्ट्र का दौरा किया। कोकण हो, विदर्भ हो या मुंबईज हर जगह लोग चाहते हैं कि महायुति की सरकार लाना है और फडणवीस को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि महायुति को जिताएं, देवेन्द्र फडणवीस को विजयी बनाएं। अब अमित शाह के संकेत पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की टेंशन बढ़ गई होगी। यही वजह है कि उन्होंने इस पर बहुत सधी प्रतिक्रिया दी है। अजित पवार ने कहा कि अमित शाह एक सीनियर नेता हैं। उस नाते उनका कहना कि फडणवीस कल के मुख्यमंत्री बनेंगे, ये उनका अधिकार है। कल चुनाव के बाद सभी लोग एक साथ बैठेंगे और फिर मुख्यमंत्री का फैसला करेंगे। इसलिए किसी के लिए भी बुरा क्या मानना। वहीं, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने भी कहा कि सीएम पद पर किसी एक पार्टी को फैसला नहीं लेना है। सब मिलकर इस पर फैसला लेंगे। बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग है और 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे सामने आएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com